# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से देश-विदेश और छत्तीसगढ़ प्रदेश से जुड़े मुद्दों पर हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष बातचीत



बस्तर हमारे भी दिल में बसता है, वहां का विकास वहां के लोगों की मंशा के मुताबिक होगा

# अभूतपूर्व विकास के साथ, राष्ट्र में आत्मविश्वास जगाना...मोदी जी की सबसे बड़ी उपलब्धि

## बिना बिचौलिए डीबीटी से गरीब परिवारों के पास सीधे पहुंचे 44 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय राजनीति में अमित शाह एक ऐसी शख्सियत के रूप में हैं जो न केवल कुशल रणनीतिकार हैं, साथ ही उनके क्रियान्वयन में भी सिद्धहस्त हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपने आपको दक्ष राजनितिज्ञ के तौर पर साबित करने में कामयाब रहे शाह गत छह वर्ष से देश के गृहमंत्री की भूमिका में बतौर प्रशासक परिवेश को अचंभित किए हुए हैं। दस माह पूर्व देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे का ऐलान कर अचंभित कर देने वाले श्री शाह वक्त से पहले लक्ष्य हासिल करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले ग्यारह वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वाधिक विश्वस्त सहयोगी के तौर पर पहिचाने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। इस दौरान उनसे अनौपचारिक मुलाकात के दौरान देश- प्रदेश से जुड़े तमाम विषयों पर विस्तार से बात हुई। जहां एक ओर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के उभार को लेकर प्रसन्नता जाहिर की, वहीं दूसरी ओर नक्सल मोर्चे पर निर्णायक सफलता को लेकर आश्वस्त भी दिखे।



मोदी सरकार में समस्या का समाधान टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, समस्या को जड़ से समाप्त किया जाता है

### प्रस्तुत है चर्चा के प्रमुख अंश

**सवाल:** आपकी सरकार के 11 साल और यूपीए के एक दशक के राज में आप मूल अंतर क्या देखते हैं?

▶▶ देखिए...सबसे बड़ा अंतर सोच का है। यूपीए की सरकार समस्याओं को टुकड़ों-टुकड़ों में देखती थी, लेकिन मोदी के नेतृत्व में समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जाता है। यूपीए का लक्ष्य होता था इतने गांवों में बिजली दी जाएगी, हमारा लक्ष्य, हर गांव में बिजली देना, हर घर में नल से जल पहुंचाना हर घर में पीने का स्वच्छ पानी की उपल्धता, हर घर शौचालय पहुंचाना, हर घर में गैस सिलिंडर देना। यही कारण है कि मोदी सरकार ने पिछले 70 सालों का काम 11 वर्षों में किया है।

**सवाल:** विपक्ष अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार सरकार को घेरता है, वो कहते हैं कि अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अच्छे थे मोदी जी से?

▶▶ मैं आपसे आंकड़ों के साथ बात करूंगा। यूपीए के वक्त अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी थे, लेकिन उसके बावजूद आखिर क्यों देश की अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। यूपीए की जब सरकार आई तब अर्थव्यवस्था में दुनिया में 11वें स्थान पर थे। यूपीए के 10 वर्षों के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर ही रही, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल में भारत 11वें से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, और हम तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। अब आप बताइए कौन अच्छा है? आज विदेशी एजेंसियां भारत की तारीफ करती हैं, आईएमएफ ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक 'ब्राइट स्पॉट' और 'स्टार पर्फॉर्मर' कहा, मूडी रेटिंग ने भारत के जीएसटी, बैंकरप्टसी कोड और एनपीए के क्षेत्र में रिफॉर्म की प्रशंसा करते हुए सोवरिन रेटिंग को बीएए 2 में अपग्रेड किया। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर' से 'पाजटिव' में अपग्रेड किया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### दूसरी बेटी समेत एक ही परिवार के 4 की मौत




**देवास।** थाना उदयनगर अंतर्गत ग्राम धोबघट्टा निवासी एक ही परिवार के चार लोगों ने बीते शनिवार जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे माता-पिता व एक बेटी की मौत सोमवार को हो गई थी। वहीं एक अन्य बेटी की मौत मंगलवार को हुई। एक ही परिवार के चार लोगों को मौत हुई है। इनका इलाज इंदौर के निजी अस्पताल में जारी था।

#### जीडीपी ग्रोथ अनुमान 6.5% तक बढ़ाया गया



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी ग्लोबल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5% कर दिया है। एजेंसी ने कहा कि सामान्य मानसून, कच्चे तेल की नरम कीमतें और मौद्रिक नरमी भारत की आर्थिक ग्रोथ को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

#### मप्र कोरोना से 5वीं मौत, ये सभी महिलाएं



**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना वायरस से 5वीं मौत हो गई है। भिंड निवासी 52 वर्षीय महिला के फेफड़ों में गंभीर सूजन थी, जिससे उसे सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। ग्वालियर के एक अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा था। जहां सोमवार रात उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक महिला को एक्यूट लंग इंजरी थी।

दुनिया को ऐसा लगा कि मध्य पूर्व में सब कुछ फिक्स था : ईरान-इजराइल की जंग आखिरकार 12 दिन में खत्म

# डोनाल्ड ट्रंप ने किया 'सीजफायर' का ऐलान इससे पहले दोनों देशों ने दागी दनादन मिसाइलें





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग खत्म हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात 3.30 बजे दोनों देशों के बीच सीजफायर पर बनी सहमति का ऐलान किया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया कि इजराइल और ईरान के बीच 'पूर्ण युद्धविराम' पर सिद्धांत रूप में सहमति बन गई है, जिससे '12 डे वॉर' का अंत होगा। ट्रंप ने लिखा, 'सभी को बधाई। ट्रंप ने दोनों देशों की 'हिम्मत, बुद्धिमत्ता और सहनशक्ति' की तारीफ करते हुए कहा कि यह युद्ध वर्षों तक चल सकता था और पूरे मध्य पूर्व को तबाह कर सकता था, 'लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और कभी नहीं होगा।

धमकी दे रहे ट्रंप को नेतन्याहू का जवाब

ट्रंप बोले- मुझे यह पसंद नहीं आया कि इजराइल ने संघर्ष विराम पर सहमति जताने के बाद तुरंत हमला कर दिया

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने कहा कि हम तानाशाहों की धमकियों से नहीं डरते

#### यह है युद्ध विराम का मसौदा

- 6 घंटे के भीतर एक पूर्ण और समग्र युद्धविराम लागू होगा
- पहले 12 घंटे ईरान युद्धविराम का पालन करेगा, फिर इजराइल
- इसके 24 घंटे बाद यह युद्ध समाप्त माना जाएगा





#### सबने 'पिटकर' अपनी-अपनी पीठ थपथपाई

**ईरान**

- न्यूक्लियर ठिकाने तबाह, एटमी प्रोग्राम 50 साल पीछे खिसका
- टॉप कमांडर व टॉप वैज्ञानिक मारे गए
- करीब 1000 लोग अकाल काल कवलित
- फेस सेविंग के लिए कतर के यूएस बेस पर बताकर हमला किया, यानी ये फिक्स हमला था, बेस खाली करा लिया गया था
- ईरान ने कहा- लेकिन, हम नहीं झुके, हम समर्पण करने वाले देश नहीं

**इजराइल**

- पहली बार किसी देश ने इजराइल का आयरन डोम भेद डाला
- ईरान की मिसाइलों मे कई शहरों को खंडहर बना डाला
- ईरान के हमलों में करीब 100 मौतें हुई, हजारों लोगों ने घर गंवाए
- इजराइल ने कहा- हमने मध्य-पूर्व में परमाणु बम का खतरा कम कर दिया

**अमेरिका**

▶▶ इजराइल को हमले के लिए उकसाया, उसे हथियार दिए
▶▶ खुद भी युद्ध में कूदा और एटमी ठिकाने तबाह किए
▶▶ फिर, ईरान को कतर के अपने एयरबेस पर सिंबॉलिक हमला करने की छूट दी, ताकि वह बदले को जस्टिफाई कर सके
▶▶ हमलों के बीच ईरान में तख्तापलट के प्लान की घोषणा कर दी
▶▶ अब ट्रंप ने कहा- ये युद्ध बरसों चल सकता था, हमने रुकवा दिया

#### हमला नहीं रोक सकते, सीजफायर तोड़ने पर पलटवार जरूरी

इजराइल ने मंगलवार को तेहरान के पास स्थित एक ईरानी रडार ठिकाने पर हवाई हमला किया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को साफ कर दिया कि हमले को टालना संभव नहीं है और ईरान की कार्रवाई के जवाब में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इसे इजरायल की ओर से सीमित जवाबी कार्रवाई बताया गया है। इजराइल का दावा है कि यह हमला ईरान की ओर से संघर्षविराम तोड़कर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागने के जवाब में किया गया है।

#### कतर ने अल-उदीद हमले को लेकर ईरानी राजदूत को तलब किया

कूटनीतिक तनाव को बढ़ाते हुए कतर के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को ईरानी राजदूत अली सालेहबादी को तलब किया है। उन्होंने इसे अपनी संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताया है। यह ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा अल-उदीद एयर बेस को निशाना बनाकर किए गए


#### शांति स्थापित करने में कतर ने महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाई

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कतर के अमीर से फोन पर बातचीत की और उनसे अनुरोध किया कि वे ईरान को अमेरिका समर्थित संघर्षविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए मनाएं। इस कॉल के बाद कतर के प्रधानमंत्री ने पहल की और ईरान को इस प्रस्ताव पर सहमति देने के लिए राजी किया। कतर के अमीर ने ईरान को अमेरिका समर्थित सीजफायर प्रस्ताव पर सहमति दिलाई। यह पहल ट्रंप और कतर के अमीर के बीच बातचीत के बाद हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने में कतर ने एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

#### कतर एयरवेज ने अपनी उड़ानें फिर से शुरू कीं

अल उदीद एयर बेस पर ईरानी हमले के बाद कतर ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा ने मंगलवार की सुबह फिर से वाणिज्यिक विमानों को कतर के हवाई क्षेत्र में उड़ते हुए दिखाया। इससे संकेत मिलता है कि ऊर्जा-समृद्ध राष्ट्र पर अब खतरा टल गया है।

#### एयरइंडिया की उड़ानें भी शुरू



इधर, एयर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह धीरे-धीरे मिडिल ईस्ट और यूरोप के लिए अपनी उड़ानों को फिर से शुरू कर रही है, क्योंकि कुछ क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र दोबारा खोल दिए गए हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि मिडिल ईस्ट के लिए उड़ानें आज से फिर शुरू हो रही हैं और 25 जून से अधिकतर संचालन सामान्य रूप से बहाल कर दिए जाएंगे। अमेरिका और कनाडा के ईस्ट कोस्ट के लिए उड़ानों को जल्द से जल्द फिर शुरू किया जाएगा।

पुलिस ने वीडियो पर संज्ञान लेकर केस दर्ज किया

## सीहोर में दो युवकों को बेरहमी से की पिटाई गोबर खिलाया, लड़कियों के कपड़े पहनाए

- घटना के बाद ग्रामीणों ने ही वीडियो किया वायरल
- घटना के पीछे का कारण अभी तक सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले के दोराहा क्षेत्र में आने वाले ग्राम बुगली वाली से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां दो युवकों के साथ भीड़ ने अमानवीय बर्ताव किया, जिसका वीडियो भी बनाया गया। वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों ने न सिर्फ यह कृत्य किया, बल्कि वीडियो बनाकर खुद वायरल कर दिया, मानो उन्हें किसी कानून का डर ही नहीं। दोनों युवक रायसेन जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जो ग्रामीण इस घटना में शामिल हैं, उनमें से अधिकतर बेलदार समाज से संबंधित बताए जा रहे हैं। गांव में संदेह के आधार पर इन युवकों को पकड़ा गया। उन्हें बेरहमी से पीटा गया।



गुना में बड़ा हादसा: बछड़े को बचाने कुए में उतरे

## दम घुटने से 5 की मौत, 1 की हालत नाज़ुक...जहरीली गैस की आशंका

एक युवक कुए में बेहोश हुआ तो उसे बचाने एक-एक कर उतरे और हादसे का शिकार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

ज़िले के धरनावदा कस्बे में मंगलवार दोपहर गाय का बछड़ा बचाने के प्रयास में 6 लोग एक के बाद एक कुए में उतरते गए दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सबसे पहले मन्नू कुशवाह कुए में उतरा, जिस ने कुछ ही देर में अंदर दम घुटने की शिकायत की और बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए उतरे सोनू कुशवाह का भी वही हाल हुआ।







#### सीएम ने जताया दुख, 4-4 लाख आर्थिक मदद के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शोकग्रस्त परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मृतकों के निकटतम परिजन को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगत की आत्माओं को शांति और परिजन को यह असहनीय कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# बच्चों के स्वास्थ्य पैरामीटर को ट्रैकिंग करने के लिए एक इंटीग्रेटेड पोर्टल विकसित किया जाए

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में 4 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भारत विकसित भारत 2047 के जिस मार्ग पर चल रहा है, उसमें राज्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नीति आयोग, मुख्यमंत्री परिषद और क्षेत्रीय परिषद जैसे संस्थागत तंत्र ने इन्हें केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम बनाया है।

उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभागों में अलग-अलग पोर्टल होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पैरामीटर को ट्रैकिंग करने में कठिनाई आ रही है। इसका समाधान करने के लिए एक इंटीग्रेटेड पोर्टल विकसित किए जाने की जरूरत है।

#### पीएम ने इस धारणा को बदला कि राज्य और केंद्र प्रतिस्पर्धी

डॉ. यादव ने कहा कि पिछले वर्षों में देखा गया है कि आपदा प्रबंधन हो, आंतरिक सुरक्षा या अधोसंरचना विकास, जब राज्य एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो भारत की गति दोगुनी हो जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित संवाद, केंद्र-राज्य समन्वय समितियां और निवेश सम्मेलन इन सभी माध्यमों से संघीय व्यवस्था को नया बल मिला है। प्रधानमंत्री ने इस धारणा को बदल दिया है कि राज्य और केंद्र प्रतिस्पर्धी हैं। अब हम राज्य और केंद्र साझेदार हैं, इस सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।




#### आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 60: 40 का अनुपात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की ओर से वर्ष 2018 में लागू की गई थी। योजना के तहत एसईसीसी के हितग्राहियों पर होने वाले व्यय का वहन भारत सरकार एवं मप्र शासन की ओर से 60: 40 के अनुपात में किया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने प्रतिवर्ष प्रति परिवार व्यय की अधिकतम सीमा राशि 1052 रुपए सीलिंग निर्धारित की है, जो कि वर्ष 2018 से आज तक यथावत है। उन्होंने निर्धारित सीलिंग को बढ़ाने का अनुरोध किया।

#### मप्र सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र की उपलब्धियों और विकास संबंधी जानकारियां प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकारी एवं कर्मचारी की 9 वर्षों से पदोन्नतियां रुकी हुई थीं। इसका निराकरण करते हुए मप्र में लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 स्वीकृत किए गए हैं। जिससे प्रदेश के 5 लाख कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पदोन्नति से जो 2 लाख पद खाली होंगे, उनसे सीधी भर्ती के पदों पर नवीन नियुक्तियां की जा सकेगी। मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 पारित कर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर को उनके आसपास के जिलों को साथ में लेकर मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की रणनीति तैयार की गई है।

## राहुल ने उठाया धांधली का मुद्दा आयोग ने आकर मिलने को कहा

### सभी चुनाव कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से कराए जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**कांग्रेस नेता के आरोपों पर चुनाव आयोग ने औपचारिक पत्र लिखा**

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में धांधली के उनके आरोपों पर औपचारिक रूप से पत्र लिखा है।आयोग ने कहा कि सभी चुनाव संसद की ओर से पारित कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से कराए जाते हैं। चुनाव आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरे चुनाव अभ्यास में हजारों लोगों को शामिल किया जाता है, जिसमें राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाती है। इसमें आयोग की ओर से नियुक्त 1,00,186 से अधिक बूथ लेवल अधिकारी, 288 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी , 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक, 71 व्यय पर्यवेक्षक और 288 रिटर्निंग अधिकारी शामिल होते हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस के 28,421 सहित राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों की ओर से 1,08,026 बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए।

### सुविधाजनक तारीख पर आकर मिलें

*चुनाव प्राधिकरण ने कहा कि यदि आपके पास अभी भी कोई मुद्दा है, तो आप हमें लिख सकते हैं और आयोग सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और समय पर आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए भी तैयार है।*

### राहुल ने फिर कही चुनावों में अनियमितताओं की बात

*महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कथित अनियमितताओं का दावा करते हुए राहुलने दावा किया कि कुछ गड़बड़ियां नहीं थीं, बल्कि वोटों की चोरी थी। उन्होंने मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग की। राहुल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच सिर्फ छह महीनों में नागपुर दक्षिण पश्चिम भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस की सीट पर 29,219 नए मतदाता जुड़े। राहुल ने लिखा कि महाराष्ट्र के सीएम के अपने निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ पांच महीनों में मतदाता सूची में आठ फीसदी की वृद्धि हुई। कुछ बूथों पर 20-50फीसदी की वृद्धि देखी गई। बीएलओ ने अज्ञात व्यक्तियों की ओर से वोट डाले जाने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले हजारों मतदाताओं के बारे में खुलासा किया। चुनाव आयोग चुप या मिलीभगत। कवर-अप ही कबूलनामा है।*

### आरोपों पर कांग्रेस ने बताई हकीकत, सफाई दी

## बिना बताए राहुल के विदेश जाने पर भाजपा ने किया सवाल

राहुल गांधी आखिर बार-बार विदेश क्यों जाते हैं? इन सीक्रेट दौरों की वह किसी को जानकारी भी क्यों नहीं देते? भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक ट्वीट करके सवाल उठाए थे। उन्होंने लिखा था, बीते सप्ताह ही वे एक सीक्रेट विदेश दौरे पर गए थे। एक बार फिर से किसी सीक्रेट लोकेशन के लिए रवाना हो गए हैं। आखिर वह इतनी जल्दी-जल्दी अचानक से गायब क्यों हो जाते हैं? नेता विपक्ष के तौर पर उन्हें देश के लोगों की बातों की जानकारी देनी चाहिए।

### भांजी के ग्रेजुएशन सेरेमनी में हिस्सा लेने गए


कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी लंदन गए हैं। वेअपनी भांजी मिराया वाड्रा की ग्रेजुएशन सेरेमनी में हिस्सा लेने गए हैं। मिराया लंदन के एक कॉलेज से ग्रेजुएशन कर रही हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि पीएमओ हमेशा की तरह डर्टी ट्रिक्स में जुट गया है। वह जानता कुछ नहीं है। राहुल जिस फ्लाइट से गए हैं, वह बहरीन होते हुए लंदन गई है। ऐसे में इस तरह का दुष्प्रचार करना गलत है कि वे बहरीन गए थे।

---

## खबर संक्षेप

### आर्मी लिखे ट्रक से 3 करोड़ का गांजा जब्त

**मऊ।** एसटीएफ और शहर कोतवाली की संयुक्त टीम ने ट्रक से 3.12 करोड़ कीमत का 12.50



क्विंटल गांजा तालिमुदीन इंटर कॉलेज के पास से पकड़ा है। एसटीएफ को सूचना मिली कि तस्करी करने की योजना है। मऊ पुलिस के साथ एसटीएफ ने तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज के पास ट्रक को पकड़ लिया।

### 15 लाख के नकली नोट छापे, 3 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** यहां के चौक कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को नकली नोट बनाने



वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। इस गिरोह का मास्टरमाइंड पैथोलॉजिस्ट डॉ. नफीस अहमद है। वह पूरा सेटअप लेकर कार से शाहजहांपुर में रहने आ रहा था। पुलिस ने 3 को गिरफ्तार कर लिया। 4.61 लाख नकली मिली।

### वंदे भारत ट्रेन के कोच में बहा 'झरना'

**कैंट।** वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्री उस समय हैरान रह गए जब



कोच की छत से पानी टपकने लगा और सीटें और सामान भीगने लगे।एसी ने भी काम नहीं किया। यात्रियों की शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई। यह बात वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत की है। ट्रेन सुबह 6 बजे कैंट रेलवे स्टेशन से चली थी।

### साउथ एक्टर कोकेन खरीदने में पकड़ा गया

**चेन्नई।** तमिल और तेलुगू सिनेमा के जाने-माने एक्टर श्रीकांत को सोमवार को चेन्नई पुलिस ने



गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें श्रीराम के नाम से भी जाना जाता है। अभिनेता को ड्रग्स केस में गिरफ्तार किया गया है और अब उन्हें 7 जुलाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने लंबी पूछताछ की, जिसके बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---

### दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं के शताब्दी समारोह में बोले पीएम मोदी

## भारत देशहित में कदम उठा रहा, भारतीयों का खून बहाने वालों को नहीं मिलेगा 'ठिकाना'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**'ऑपरेशन सिंदूर' का भी किया जिक्र**

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कैसे भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को सामने ला दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देशहित में जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है। आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्रता के उद्देश्य को नए मायने दिए। 100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी की प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है।

» **इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी**

» **नारायण गुरु और महात्मा गांधी की मुलाकात को बताया प्रेरक**



### विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य आज भी प्रासंगिक

पीएम मोदी ने कहा कि100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

#### सारी दुनिया देख रही मेरा लोगों के प्रति नाता-रिश्ता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।

#### वन अर्थ, वन हेल्थ पर भी की बात

*पीएम मोदी ने कहा कि अभी हाल ही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी- वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ। इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए वन वर्ल्ड, वन हेल्थ जैसे पहल की है। आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जैसे ग्लोबल मूवमेंट को लीड कर रहा है। 2023 में जब भारत ने जी 20 समिट को लीड किया था, तब थीम रखा था- ववन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। हमारे इन प्रयासों में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा जुड़ी हुई है।*

» **खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलावों को बताया अहम**

### चिराग की पोस्ट पर विभाग के योगदान को सराहा



पीएम मोदी ने भारत के खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) क्षेत्र में हाल के वर्षों में आए जबरदस्त बदलावों की चर्चा की। उन्होंने इस सेक्टर की तेजी से हुई प्रगति और ग्रामीण विकास में इसके बढ़ते योगदान को खासतौर पर उजागर किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान की एक पोस्ट को साझा करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। चिराग ने इस क्षेत्र के गतिशील विकास और सरकार की योजनाओं के प्रभाव को दिखाया, जिससे ग्रामीण उद्यमियों को नई दिशा मिली है। पीएम मोदी ने लिखा, केंद्रीय मंत्री एट द रे चिराग पासवानने भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वर्षों में हुए अद्भुत परिवर्तन को उजागर किया है। यह एक ऐसा गतिशील दृष्टिकोण है।

#### देश का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा

भारत का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ा है। इसके पीछे सरकार की मजबूत नीतिगत सहायता, लक्षित निवेश, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने जैसी पहलें मुख्य भूमिका में रही हैं। इन प्रयासों ने न केवल उद्योग को गति दी है, बल्कि ग्रामीण भारत में उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर लाखों लोगों को आजीविका के नए अवसर भी दिए हैं।

---

### नीति आयोग ने 'डेटा अनिवार्यता' रिपोर्ट दी

## मजबूत डेटा गुणवत्ता के साथ डिजिटल शासन की आवश्यकता पर दिया जोर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें सरकारी प्रणालियों में डेटा गुणवत्ता ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। केवल इतना ही नहीं रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि खराब डेटा गुणवत्ता डिजिटल शासन, सार्वजनिक विश्वास और सेवा वितरण को कमजोर कर सकती है। इसके विमोचन के अवसर पर नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग और नीति आयोग की प्रतिष्ठित फेलो देबजानी घोष सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने इस बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ, नीति आयोग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

#### शीर्षक है- भारत की डेटा अनिवार्यता : गुणवत्ता पर बल

इस संबंध में नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि आयोग ने अपनी तिमाही अंतर्दृष्टि शृंखला फ्यूचर फ्रंट का तीसरा संस्करण जारी किया है। इसका शीर्षक है- भारत की डेटा अनिवार्यता : गुणवत्ता पर बल।ये रिपोर्ट डिजिटल शासन को मजबूत करने, जनता का विश्वास बढ़ाने और कुशल सेवा वितरण सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से मजबूत डेटा गुणवत्ता की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

#### » इस रिपोर्ट की खास बातें

इस रिपोर्ट में खराब डेटा गुणवत्ता से उत्पन्न व्यापक चुनौतियों की आलोचनात्मक जांच की गई है। रिपोर्ट में व्यावहारिक, उपयोग में आसान उपकरण प्रस्तुत किए गए हैं, जैसे डेटा गुणवत्ता विशेषताओं को मापने और ट्रैक करने के लिए डेटा-गुणवत्ता स्कोरकार्ड तथा स्व-मूल्यांकन और रोडमैप विकास के लिए डेटा-गुणवत्ता परिपक्वता फ्रेमवर्क। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की डिजिटल बुनियाद तैयार है, लेकिन अब चुनौती इस बुनियाद के सहारे प्रसारित हो रही सूचना की सटीकता, पूर्णता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, कि डेटा की गुणवत्ता सार्वजनिक विश्वास, प्रभावी सेवा वितरण और भारत के अपनी एआई पारिस्थितिकी की सफलता का केंद्र-बिंदु है।

---

### एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती में बढ़ेंगी सुविधाएं

## धारावी के 10 लाख लोगों को टाउनशिप में मिलेगा घर

**इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाएं बढ़ेंगी**

एजेंसी ▶▶ धारावी

अडाणी समूह मुंबई के धारावी में रहने वाले लोगों के लिए एक विश्व स्तरीय जिला बनाने की कल्पना करने का प्रयास कर रहा है। समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सबसे परिवर्तनकारी परियोजना धारावी में जल्द पेश की जा रही है।

धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट (डीआरपी) धारावी में रहने वालों के जीवन और 'रहने-काम करने' की स्थितियों को बदलने का एक अनूठा अवसर है, जिसका लक्ष्य बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के साथ जीवन की उच्च गुणवत्ता प्रदान करना है। इससे उनका जीवन आसान हो जाएगी।



#### अडाणी समूह उत्थान करने में जुटा

*अडाणी ने अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की 33वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए कहा कि एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती को अब भारत की सबसे महत्वाकांक्षी शहरी पुनर्वास परियोजना के रूप में फिर से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा धारावी सोशल मिशन कौशल, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं का उत्थान कर रहा है। दस लाख से अधिक लोग संकरी गलियों से निकलकर एक ऐसे टाउनशिप में चले जाएंगे, जिसमें विशाल लेआउट, डुअल टॉयलेट्स, खुली जगहें, स्कूल, अस्पताल, ट्रांजिट हब और पार्क होंगे।*

### हिंदी तो दिखावा केंद्र ने संस्कृत को दिया सबसे ज्यादा फंड



**नई दिल्ली।** भारत में भाषा को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। तमिलनाडु के सीएम एम. के. स्टालिन ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि हिंदी केवल दिखावे के लिए है, असली एजेंडा संस्कृत को देश पर थोपने का है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र ने पिछले दस वर्षों में संस्कृत के प्रचार-प्रसार पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जबकि तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और ओडिया जैसी अन्य शास्त्रीय भाषाओं को नाम मात्र का फंड मिला है।

### संसदीय समिति की बैठक में गूंजा जस्टिस वर्मा का मुद्दा

## अब तक एफआईआर क्यों नहीं की? जजों के लिए भी बने आचार संहिता

**आवास पर अधजली नकदी मिलने का मामला गरम**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर भारी मात्रा में अधजली नकदी मिलने के मामले में फंसे हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा का मामला संसद की स्थायी समिति की बैठक में भी उठा। सदस्यों ने पूछा कि एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई? सदस्यों ने वीरस्वामी मामले की समीक्षा का सुझाव दिया। इसके अलावा समिति ने जजों के लिए आचार संहिता बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद लेने के लिए कूलिंग-ऑफ अवधि के बारे में भी सुझाव दिया। संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति ने इस पर चर्चा की। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पीपी चौधरी, टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा प्रमुख सदस्य हैं।

#### जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तैयारी

*जस्टिस वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है। वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। जस्टिस वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया था। हालांकि,उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।*

---

### सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी हत्या के आरोपी ब्लैक कैट कमांडो की क्लास

## ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध का 'अधिकार' नहीं मिलता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पत्नी की हत्या के आरोपी ब्लैक कैट कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में शामिल था। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने उसे किसी भी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध का अधिकार नहीं मिलता है। कोर्ट एक स्पेशल लीव पिटिशन पर सुनवाई कर रहा था। कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट से पुलिस के सामने



आत्मसमर्पण करने से छूट मांगी थी। जस्टिस उज्जल भुयान ने कहा कि ब्लैक कैट कमांडो होने से आपको छूट नहीं मिलेगा। आप इतने फिट हैं कि पत्नी का अकेले ही गला घोंट सकते हैं। जिस तरह से आरोपी पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप है, उसे छूट नहीं दी जा सकती। जस्टिस विनोद चंद्रन ने कहा कि हाई कोर्ट भी कामांडो को किसी तरह की छूट देने से इनकार कर चुका है।

**कमांडो पर पत्नी की हत्या का मामला दर्ज :** कमांडो पर पत्नी की हत्या करने के लिए धारा 304बी के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप है। कमांडो के वकील ने कहा कि उसके खिलाफ आरोप मृतक पत्नी के ही दो करीबियों ने लगाए हैं। उनका कहना है कि केवल मोटरसाइकल के लिए गला घोंटकर हत्या कर दी गई।

---

### मुंबई से सूरत तक बारिश का कहर, लोगों की आफत बढ़ी

## सड़कें बनी तालाब, रायगढ़ में कुंडलिका ने बढ़ाया खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

◆ **लगातार भारी बारिश से आम जनजीवन हो गया अस्त व्यस्त**

**कई राज्य जलभराव से जूझ रहे**

महाराष्ट्र और गुजरात में मूसलाधार बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मुंबई से सूरत और रायगढ़ तक बारिश के कारण लोगों को जलभराव और जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गुजरात के सूरत में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पूना पर्वत गाम, वराछा, कपोदरा, कटारगाम, वेद रोड और जहांगीर पुरा जैसे निचले इलाकों में भारी जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सड़कें पानी से

#### सूरत में घरों- दुकानों में घुसा पानी, मंदिर भी डूबे



सूरत के बारडोली इलाके में स्थित आशापुरी मंदिर के पास जलभराव हो गया है, जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके अलावा, दीपनगर इलाके में घरों और दुकानों में बारिश का पानी भर गया है।

#### मुंबई में हाई टाइड का अलर्ट

*गुजरात के तापी जिले में मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश से व्यारा, वालोद, बाजीपुरा और सोनगढ़ जैसे इलाके प्रभावित हैं। वालोद के पास कलमकुई और वांस्कुई-माधी के बीच सड़क पर नाले का पानी आ गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। महाराष्ट्र के मुंबई में समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। मुंबई में हाई टाइड को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।*

#### रायगढ़ में नदी खतरे के निशान के ऊपर, सभी पुल बंद

*महाराष्ट्र के रायगढ़ में पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कुंडलिका नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। नदी चेतावनी स्तर के निशान को पार कर गई है। बताया जा रहा है कि उन्नई बांध के दो गेट को खोल दिया गया है, जिस वजह से कुंडलिका नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। सुरक्षा के मद्देनजर नदी पर बने पुराने और कम ऊंचाई वाले पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर पुलिस प्रशासन और स्थानीय तहसील प्रशासन की कड़ी नजर है।*

जबलपुर
बुधवार, 25 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 20, अंक : 56
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 29
न्यून. 25

छह बार आई रुकावटों के बाद अंतरिक्ष में उड़ान को तैयार

## आज लॉन्च होगा शुभांशु शुक्ला का 'एक्सिओम' मिशन

- इस मिशन में भारत के साथ हंगरी और पोलैंड भी शामिल
- भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अंतरिक्ष मिशन में एक बड़ा और ऐतिहासिक दिन आने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होंगे। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि एक्सिओम-4 मिशन अब 25 जून को लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन में भारत के साथ हंगरी और पोलैंड भी शामिल हैं।

### बतौर पायलट शामिल होंगे शुभांशु

मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बतौर पायलट शामिल होंगे। उनके साथ इस मिशन में हंगरी के तिबोर कापु और पोलैंड के स्लावोस उज्नांस्की-विस्नेव्स्की मिशन पेशलिस्ट के रूप में हिस्सा लेंगे।

फायरिंग रेंज में युद्ध अभ्यास के दौरान हादसा

# डमी बम गिरने से हेड कांस्टेबल की मौत, चार सौ फीट की ऊंचाई से सिर पर गिरा चार से पांच किलो का बम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आर्मी की फायरिंग रेंज में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में हवलदार की मौत हो गई। दअरसल, फायरिंग रेंज में युद्ध अभ्यास चल रहा था।

इस दौरान जवान ड्रोन से बम ठिकाने पर ले जाने का अभ्यास कर रहे थे, तभी करीब चार सौ फीट की ऊंचाई से डमी बम हेड कांस्टेबल के सिर पर गिर गया।

**सूखी सेवनिया फायरिंग रेंज में सोमवार शाम हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस और आर्मी**

### पुलिस ने मर्ग कायम किया

चार से पांच किलो का बम चार सौ फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण हेड कांस्टेबल को सिर में गंभीर चोट थी। उन्हें साथ अभ्यास कर रहे जवान तत्काल आर्मी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद आर्मी अधिकारियों को सौंप दिया है। उनका शव टिहरी उत्तराखंड परिजन के पास भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार आर्मी के सूबेदार मोहन सिंह ने सूचना दी कि विजय सिंह (37) टिहरी, उत्तराखंड के थे।




### आर्मी और पुलिस कर रही अलग-अलग जांच

मंगलवार सुबह हेड कांस्टेबल विजय सिंह का शव पीएम के बाद आर्मी के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आर्मी के अधिकारियों ने हेड कांस्टेबल का पार्थिव शरीर उत्तराखंड उनके गांव भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामला आर्मी की फायरिंग रेंज से जुड़ा होने के कारण मर्ग की जांच आर्मी के अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया है और पुलिस भी अपनी जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### 13वीं बार आरजेडी अध्यक्ष बने लालू, निर्विरोध हुआ चुनाव


**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दोबारा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है।



लालू 13वीं बार आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने पार्टी कार्यालय में की। 1997 में आरजेडी की स्थापना के बाद से लालू यादव ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। उन्हें अध्यक्ष पद पर निर्विरोध घोषित कर दिया गया।

### विस का मानसून सत्र 28 जुलाई से, होंगी 10 बैठकें

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारंभ होगा। 8 अगस्त तक चलने



वाले इस 12 दिवसीय सत्र में 10 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। सत्र के दौरान सरकारी कामकाज के साथ विपक्ष ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। सत्र में राज्य सरकार विधेयकों के साथ पहला अनुपूरक बजट भी पेश करेगी, जिसे सदन की मंजूरी मिलना तय है।

### भारत में लॉन्च हुआ गूगल सर्च एआई मोड

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपनी सर्च सर्विस में नया एआई मोड फीचर अब भारत में भी लॉन्च कर दिया



है। यह फीचर पहले अमेरिका में एक्सपेरिमेंटल तौर पर शुरू किया गया था और वहां यूजर्स से बेहद पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिलने के बाद अब इसे भारत में इंग्लिश भाषा में गूगल लैब्स के तहत उपलब्ध कराया गया है। गूगल का नया एआई मोड उपयोगकर्ताओं को लंबे, जटिल और विस्तृत सवाल पूछने की सुविधा देता है।

रेलवे के नए टैरिफ के अनुसार सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किमी तक कोई वृद्धि नहीं

# रेलवे ने बढ़ाए टिकटों के दाम, 1 जुलाई से महंगा होगा एसी-एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अगर यात्रा 500 किलोमीटर से ज्यादा की है तो प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा**

लोकल ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी। मासिक सीजन टिकट की दरों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।



- ***मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन एसी) में सफर करने वालों को अब प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा चुकाना पड़ेगा***
- ***एसी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई***

रेल यात्रियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। भारतीय रेलवे 1 जुलाई 2025 से नया किराया टैरिफ लागू करने जा रही है। यह बदलाव आम यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वालों की जेब ढीली करेगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि कुछ कैटेगिरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। रेलवे के नए टैरिफ के अनुसार सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किलोमीटर तक यात्रा करने पर कोई वृद्धि नहीं होगी। लेकिन अगर यात्रा 500 किलोमीटर से ज्यादा की है तो प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा। इसके अलावा, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन एसी) में सफर करने वालों को अब प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा चुकाना पड़ेगा। इसी तरह, एसी क्लास के टिकट में सबसे ज्यादा बदलाव किया गया है। इसमें प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। शहरी ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी।

ईपीएफओ ग्राहकों के लिए खुशखबर

# ऑटो सेटलमेंट की सीमा एक लाख से बढ़कर पांच लाख हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- भुगतान दावे के लिए चेक लीफ या पासबुक की जरूरत नहीं

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अग्रिम दावों के लिए ऑटो-सेटलमेंट सीमा को 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है। इस फैसले से ईपीएफओ सदस्यों को अचानक जरूरत पड़ने पर तेजी से पैसे मिल सकेंगे। विभाग की ओर से दी गई इस सुविधा का लाभ लाखों सदस्यों को मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को यह बात कही।




चेन्नई में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाली जोशिल्दा एकतरफा प्यार में थी

# 12 राज्यों में 'बम की धमकी' देने वाली युवती गिरफ्तार, ब्वॉयफ्रेंड को फंसाने रची थी साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उसने तकनीकी जानकारी से फेक आईडी और वीपीएन का इस्तेमाल किया

गुजरात पुलिस ने रेने जोशिल्दा नामक एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने नरेंद्र मोदी स्टेडियम, स्कूलों और बीजे मेडिकल कॉलेज सहित गुजरात और 11 अन्य राज्यों में बम धमाकों की झूठी ईमेल धमकियां भेजी थीं। चेन्नई में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाली जोशिल्दा ने यह सब एकतरफा प्यार में बदला लेने और दिविज प्रभाकर नामक व्यक्ति को फंसाने के लिए किया था, जिसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था।

### धमकी वाले राज्यों में मध्यप्रदेश भी



जोशिल्दा ने फेक आईडी बनाकर, वीपीएन और डार्क वेब की मदद से यह धमकी भरे ईमेल भेजे थे। चेन्नई में रहने वाली जोशिल्दा ने बम की धमकी सिर्फ गुजरात ही नहीं बल्कि 11 अलग-अलग राज्यों को भी भेजी थीं। इस लिस्ट में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, बिहार, तेलंगाना, पंजाब, मध्य प्रदेश और हरियाणा का नाम शामिल है। ऐसे में 12 राज्यों की पुलिस जोशिल्दा को ढूंढ रही थी।

आईएएस नियाज खान का बॉलीवुड पर निशाना

# सनातन धर्म के लिए खतरा है बॉलीवुड

**कोरियोग्राफर फराह खान द्वारा धर्म को लेकर दिए बयान पर उठाए सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस अफसर और उपन्यासकार नियाज खान ने बालीवुड फिल्मों की डॉयरेक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और कोरियोग्राफर फराह खान द्वारा धर्म को लेकर दिए बयान पर हमला बोला है। फराह खान ने कहा है कि उनके बच्चे 50 प्रतिशत हिंदू, 25 प्रतिशत



मुस्लिम, 25 प्रतिशत पारसी और 100 प्रतिशत हिंदू हैं। उनके बयान पर आईएएस नियाज खान ने टिप्पणी करते हुए लिखा है कि क्या ये संभव है? क्या धर्म को प्रतिशत में बांटा जा सकता है? बॉलीवुड सनातन धर्म के लिए बड़ा खतरा है लेकिन मेरे अलावा कोई नहीं बोलता। मंगलवार को एक्स पर ट्वीट कर नियाज खान ने यह बातें कहीं।

### पूरा सनातन धर्म ब्राह्मणों के सशक्त कंधों पर टिका

23 जून को खान ने कहा कि पूरा सनातन धर्म ब्राह्मणों के सशक्त कंधों पर टिका है। ब्राह्मण कमजोर होगा तो सनातन धर्म कमजोर होगा। मन में नफरत रखने से व्यक्तित्व नष्ट होता है।

पूरे प्रदेश में पारा सामान्य से औसतन 6 डिग्री तक नीचे, नौगांव में नॉर्मल से 11 डिग्री कम

# शिवपुरी-श्योपुर में तेज बारिश, झरनों पर जाने पर बैन, कई गांवों का संपर्क टूटा, नावों से सुरक्षित ठिकानों पर लोगों को पहुंचाया

## बंगाल की खाड़ी में बन रहा सिस्टम, दो दिन बाद भोपाल में भारी बारिश होगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवपुरी में लगातार बारिश ने जिले के प्रमुख जलप्रपातों को जीवंत कर दिया है। पवा जलप्रपात, जो लगभग 100 फीट की ऊंचाई से गिरता है, पूरे वेग के साथ बह रहा है। भदैया कुंड में भी झरना तेजी से बह रहा है, जिसने पर्यटकों का ध्यान खींचा है। हालांकि, भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए शिवपुरी कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सभी जलस्रोतों पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।



### शाम तक बौछारें कहीं तेज बारिश

मंगलवार को सुबह से शाम तक भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में बौछारें पड़ीं। 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश श्योपुरकला में 125 मिमी के करीब दर्ज हुई। अशोक नगर, शिवपुरी, बालाघाट, राजगढ़ आदि जिलों में भी तेज बारिश हुई।



## 12 दिन की जंग में ईरान और इजराइल दोनों को भारी नुकसान

# युद्ध में मासूम लोगों की गई जान, क्षतिग्रस्त हुए कई घर और इमारतें, हथियारों-मिलिट्री अड्डों और शहरों में मची तबाही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

13 जून 2025 को शुरू हुआ इजराइल-ईरान युद्ध 12 दिन चला। यह मध्य पूर्व में एक अभूतपूर्व सैन्य टकराव था। इस युद्ध में इजराइल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल के शहरों और सैन्य अड्डों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे। 22 जून को अमेरिका ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर में शामिल होकर ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया।

इस युद्ध ने दोनों देशों में भारी तबाही मचाई, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान गई, शहरों को नुकसान पहुंचा और सैन्य बुनियादी ढांचे ध्वस्त हुए। 12-दिवसीय इजराइल-ईरान युद्ध ने दोनों देशों को भारी नुकसान पहुंचाया।

ईरान में 657-800 लोग मारे गए, जिनमें 263 नागरिक थे। इजराइल में 24-30 नागरिक मारे गए। ईरान के नतांज, फोर्डो और पार्चिन जैसे परमाणु और सैन्य ठिकाने नष्ट हुए, जबकि इजराइल के तेल अवीव, हाइफा और बीर शेवा में नागरिक और सैन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। आर्थिक रूप से, ईरान को 150-200 बिलियन डॉलर और इजराइल को 12 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।

### इजराइल ने ईरान के परमाणु संयंत्र नष्ट किए



13 जूनः इजराइल ने ईरान के कैमरनशाह के पास ईरानी मिसाइल सैन्य ठिकाने पर हमला किया।



14 जूनः इजराइल ने ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र को निशाना बनाया



17 जूनः ईरान के तबरीज के पास ईरानी मिसाइल सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया



20 जूनः ईरान ने इजराइल के रमत गन शहर को निशाना बनाया

### ईरान ने इजराइल के शहरों में मचाई तबाही



14 जूनः ईरान की मिसाइलों ने इजराइल के तेल अवीव शहर को नुकसान पहुंचाया



19 जूनः ईरान ने इजराइल के बीरशेवा शहर पर अस्पताल को निशाना बनाया

### इजराइल का ऑपरेशन राइजिंग लायन

इजराइल और ईरान के बीच दशकों से तनाव रहा है। ईरान ने इजराइल की वैधता को चुनौती दी और उसे नष्ट करने की बात कही, जबकि इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने लिए अस्तित्व का खतरा माना। 12 जून, 2025 को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान को परमाणु दायित्वों का पालन न करने का दोषी ठहराया, जिसके अगले दिन इजराइल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू किया। इजराइली सेना ने ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लक्षित करते हुए पूर्व-निवारक और सटीक हमले शुरू किए, ताकि ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता को रोका जा सके।

---

### खबर संक्षेप

#### उदयपुर में फ्रांस की टूरिस्ट से रेप



**उदयपुर।** उदयपुर में फ्रांस की टूरिस्ट के साथ रेप का मामला सामने आया है। मामला शहर के बड़गांव थाना क्षेत्र का सोमवार देर शाम का है। थानाधिकारी पूर्ण सिंह राजपुरोहित ने बताया टाइगर हिल स्थित द ग्रीक फॉर्म कैफे एंड रेस्ट्रो कैफे में पार्टी हुई थी। जिसमें आरोपी सिद्धार्थ फ्रांस की युवती से मिला था। यहां से आरोपी युवती को बहाने से अपने सुखेर स्थित किराए के मकान में लेकर गया। वहां उसने रेप किया। युवक फरार है उसकी तलाश जारी है।

#### सरकारी कर्मचारियों के वॉट्सएप उपयोग पर रोक




**वॉशिंगटन।** अमेरिका की संसद ने वॉट्सएप को सभी सरकारी डिवाइसेज से बैन कर दिया है। सोमवार को हाउस साइबर सिक्योरिटी ऑफिस की ओर से सभी स्टाफ को एक मेमो भेजा गया, जिसमें वॉट्सएप को 'उच्च जोखिम वाला एप' बताया गया। मेमो में कहा गया कि वॉट्सएप यूजर डेटा की सुरक्षा को लेकर पारदर्शिता नहीं दिखाता। इसमें स्टोर डेटा का एन्क्रिप्शन नहीं है। इसके इस्तेमाल से साइबर अटैक और डेटा लीक का खतरा बढ़ता है।

---

## देशभर में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 शुरू, विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# संपर्क रहित चिप-आधारित ई-पासपोर्ट लोगों की यात्रा को बना रहा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जयशंकर ने कहा कि नागरिक-केंद्रित सेवा के अगले स्तर के लिए पूरे देश में पीएसपी वी 2.0 को शुरू कर दिया है। ग्लोबल पीएसपी वी2.0 का पायलट परीक्षण भी चल रहा है*

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश के पासपोर्ट अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) के अगले चरण और देशव्यापी ई-पासपोर्ट सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। जयशंकर ने इस अवसर पर भारत और विदेश में सभी पासपोर्ट अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्गदर्शन में आपके सराहनीय प्रयास यात्रा को आसान बनाने, वैश्विक कार्यस्थल तक पहुंच को गहरा करने और नागरिकों को सशक्त बनाने में सहायक हैं। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 और ई-पासपोर्ट की शुरुआत के साथ विदेश मंत्रालय हमारी पासपोर्ट सेवाओं की समयबद्धता, पारदर्शिता और पहुंच को पहले बेहतर बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

'एक्स' पर एक पोस्ट में जयशंकर ने 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के स्तंभों के तहत पासपोर्ट सेवाओं में हुए बदलाव पर जोर दिया। उन्होंने इसे विकसित भारत के लक्ष्य को पाने का केंद्रीय जरिया बताया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण शासन के तीन प्रमुख स्तंभ हैं, जो हमें विकसित भारत की ओर ले जाएंगे। ये सभी हमारे पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम में साफ तौर पर दिखाई देते हैं।

### एक दशक में पासपोर्ट सुविधाओं में बड़ा बदलाव आया

- 2024 में 1.46 करोड़ पासपोर्ट जारी किए गए
- एमपासपोर्ट पुलिस एप के लॉन्च से लाभ मिला



जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में पासपोर्ट सुविधाओं में बड़ा बदलाव आया है, जिसमें 2014 में 91 लाख से बढ़कर 2024 में 1.46 करोड़ पासपोर्ट जारी किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम संस्करण 2.0 को पहले ही पूरे देश में शुरू किया जा चुका है, जिसमें दक्षता और पारदर्शिता में सुधार के लिए उच्च-स्तरीय, उभरती हुई तकनीकें शामिल हैं।

### पूरे देश में पीएसपी वी 2.0 शुरू

जयशंकर ने कहा कि नागरिक-केंद्रित सेवा के अगले स्तर के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने पूरे देश में पीएसपी वी 2.0 को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल पीएसपी वी2.0 का पायलट परीक्षण भी चल रहा है। इसे सभी भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में चरणों में लागू किया जाएगा।

### ई-पासपोर्ट एक बड़ी उपलब्धि

जयशंकर ने ई-पासपोर्ट पहल को एक बड़ी उपलब्धि बताया। यह संपर्क रहित चिप-आधारित डेटा रीडिंग के साथ यात्रा को आसान बनाता है और आव्रजन (इमिग्रेशन) मंजूरी में तेजी लाता है। उन्होंने एमपासपोर्ट पुलिस एप के लॉन्च का भी हवाला दिया, जिसने 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पुलिस सत्यापन समय को 5-7 दिनों तक कम कर दिया है।


### 10 नए पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले गए

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले साल 10 नए पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोले गए, जिनमें अप्रैल 2025 में कुशीनगर में 450वां पीओपीएसके भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हम अपनी मोबाइल वैन सुविधाओं के माध्यम से अपने देश के सबसे दूरदराज के इलाकों तक पहुंच चुके हैं, जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले नागरिकों के लिए पासपोर्ट सेवाओं की आसानी बढ़ गई है।

---

## डोभाल की रूसी उपसचिव से मुलाकात

# क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद-रोधी और शांति के मुद्दे पर की चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को रशियन फेडरेशन सिक्योरिटी काउंसिल के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्तोव से मुलाकात की। यह मुलाकात बीजिंग में शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटरीज की 20वीं बैठक में हुई। चीन में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि रशियन फेडरेशन की सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी अलेक्जेंडर वेनेडिक्तोव ने मंगलवार को बीजिंग में एससीओ सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटरीज की 20वीं बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की। भारत और रूस के बीच यह उच्च स्तरीय बातचीत एससीओ फ्रेमवर्क के तहत चल रही बहुपक्षीय चर्चाओं के बीच हुई है।

### एससीओ बैठक में शामिल होंगे राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 से 26 जून को चीन के किंगदाओ में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक में शामिल होंगे। एससीओ में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि राजनाथ सिंह वैश्विक शांति व सुरक्षा पर भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे, आतंकवाद को निर्मूल करने के लिए संयुक्त प्रयासों का आह्वान करेंगे। इसके अलावा वह एससीओ देशों के बीच व्यापार, आर्थिक सहयोग और संपर्क को बढावा देने पर बल देंगे। रक्षा मंत्री चीन और रूस सहित कुछ भागीदार देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

### चीन ने दिया सहयोग करने का संकेत

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्वो च्याखुन ने नियमित संवाददाता सम्मेलन कहा कि चीन मध्य-पूर्व क्षेत्र की स्थिति पर बड़ा ध्यान देता है। चीन नहीं चाहता है कि तनाव बढ़े। इसके विपरीत चीन आशा करता है कि युद्धविराम शीघ्र ही साकार होगा। तथ्यों से साबित हुआ है कि सैन्य तरीका शांति नहीं लाएगा। बातचीत और वार्ता समस्या हल करने का सही रास्ता है। चीन संबंधित पक्षों से यथाशीघ्र राजनीतिक समाधान के सही रास्ते पर लौटने की अपील करता है। चीन अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मध्य-पूर्व क्षेत्र की शांति और स्थिरता बनाए रखने में प्रयास करना चाहता है।

---

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं

# ईयू-यूएस संग एफटीए पर बातचीत तेज भारत का निर्यात 825 अरब डॉलर हुआ



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत तेज गति से आगे बढ़ रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलावर को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समझौता जल्द ही पूरा होने वाला है।

भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके अलावा ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। इंडिया एक्जिम बैंक के व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने एफटीए पर चर्चा की।

### भारत का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

*वित्त मंत्री ने देश के निर्यात पर जोर देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि जहां भारत वैश्विक निर्यात में केवल 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं भारत निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3 प्रतिशत की वृद्धि को पार करने में सफल रहे। 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।*

### बजट में 7 टैरिफ दरें हटा दी गईं

वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यूरोप में स्लोडाउन जैसी स्थितियों के बावजूद, हमारे निर्यातकों ने रचनात्मक रूप से अपना रास्ता बदला है और नए बाजार खोजे हैं। उन्होंने निर्यातकों को भारत सरकार के दृढ़ समर्थन का आश्वासन दिया। इस संदर्भ में, उन्होंने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए पांच प्रमुख उपायों पर भी प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने भारत द्वारा अपने आयात पर उच्च टैरिफ लगाने की वैश्विक आलोचना को भी खारिज करते हुए कहा कि इस साल के बजट में 7 टैरिफ दरें हटा दी गई हैं।

### सरकार समर्थन देगी

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा कि भारत की विकास संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से उत्पन्न चुनौतियों से परेशान है। उन्होंने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स और रत्न एवं आभूषण क्षेत्रों से निर्यात में लचीलापन देखने को मिल रहा है। इस प्रयास में वित्त मंत्रालय नीति, योजनाओं और वित्तीय सहायता के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

## ऑपरेशन सिंधु जारी

# वायुसेना के 3 विमान से इजराइल से लौटे 594 भारतीय नागरिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल-ईरान तनाव के बीच ऑपरेशन सिंधू के तहत भारतीय नागरिकों की वतन वापसी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को इजराइल से 549 भारतीय नागरिकों को लेकर वायुसेना के तीन विमान नई दिल्ली पहुंचे। पहले विमान में 161, दूसरे विमान में 165 और तीसरे विमान में 268 भारतीय नागरिक लाए गए। भारतीय नागरिकों का एयरपोर्ट पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) पाबित्रा मार्गेरीटा और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने स्वागत किया। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।



### सी-17 विमान से लेकर आए

ऑपरेशन सिंधु को लेकर भारतीय वायुसेना ने कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते तनाव के जवाब में भारतीय वायुसेना के सी-17 विमानों ने भारतीय नागरिकों और मित्र देशों के नागरिकों को निकालने के लिए जॉर्डन और मिस्र से मिशन शुरू किया। भारतीय वायुसेना जरूरत के समय देश और दुनिया भर में सहायता प्रदान करने के लिए पहले उत्तरदाताओं के रूप में प्रतिबद्ध है।

### ईरान से 2295 भारतीय लाए

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट किया कि ऑपरेशन सिंधु का इजराइल चरण 23 जून 2025 को शुरू हुआ। इसमें जॉर्डन से 161 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था स्वदेश लाया गया। इसके बाद वायुसेना का सी-17 विमान इजराइल से 165 यात्रियों को वापस लेकर आया। वहीं मंगलवार दोपहर को तीसरा विमान 268 नागरिकों को लेकर भारत आया।

---

## पाक अभिनेत्री संग फिल्म बनाने पर घिरे दोसांझ

# मौलाना रजवी ने फिल्म न देखने के साथ की गिरफ्तारी की मांग

एजेंसी ▶▶ बरेली

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ अपनी आने वाली फिल्म 'सरदार जी 3' को लेकर विवादों में घिर गए हैं। इस फिल्म में उन्होंने पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर संग काम किया है। इसका विरोध हो रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

मौलाना ने कहा कि दलजीत दोसांझ ने इस फिल्म में पाकिस्तान की अभिनेत्री एक्टर हानिया आमिर के साथ काम किया है। इससे भारत में गलत संदेश जा रहा है। इस फिल्म





पर तत्काल रोक लगाई जाए। अभिनेता पर कार्रवाई की जाए। रजवी ने देशवासियों से सरदार जी फिल्म न देखने की अपील की है। इसके साथ केंद्र सरकार से दलजीत दोसांझ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाई जाए। अभिनेता दलजीत दोसांझ को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। रजवी ने कहा कि दलजीत दोसांझ ने अपने फायदे के लिए भारत के दुश्मन मुल्क से आखिर रिश्ता क्यों रखा है? उनको भारत में कोई अभिनेत्री क्यों नहीं मिली? वह क्यों आतंकवादी सोच के लोगों की सराहना करते हैं? दलजीत दोसांझ को यह तमाम बातें स्पष्ट करनी होंगी।

---

## नौकैंची लैंडस्लाइड के बाद यमुनोत्री धाम की यात्रा पर ब्रेक, रोके गए हजारों श्रद्धालु

# मलबे से एक किशोरी समेत दो शव निकाले गए, एक घायल

एजेंसी ▶▶ बड़कोट (उत्तरकाशी)

यमुनोत्री धाम के पैदल पर मार्ग पर सोमवार को पहाड़ी से हुए भूस्खलन के बाद आज सुबह से फिर खोज बचाव अभियान शुरू किया गया। नौकैंची के समीप मलबा बोल्डर आने से कई लोग उसमें दब गए थे। सोमवार देर शाम तक एक 12 वर्षीय किशोरी समेत दो शव निकाल दिए गए थे, वहीं एक घायल को उपचार के लिए भेजा गया था।

जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास भूस्खलन के कारण यात्रा मार्ग बाधित हो गया है। दो लापता श्रद्धालुओं की खोजबीन जारी है, जिस कारण यमुनोत्री धाम की आवाजाही फिलहाल बंद कर दी गई है। बड़कोट, दुबाटा बैंड, गंगनानी, खराड़ी, पालीगाड़ सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को रोका गया है। सैकड़ों वाहनों में हजारों श्रद्धालु कल से मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

### श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील

- दो लापता श्रद्धालुओं की खोजबीन जारी
- राहत व बचाव दल मार्ग खोलने में जुटा



प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोका है, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। राहत व बचाव दल लगातार खोजबीन और मार्ग खोलने के कार्य में जुटे हैं। श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है। यात्रा मार्ग खुलने तक किसी को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

### जानकीचट्टी से धाम के लिए भेजेंगे

*जिलाधिकारी प्रशांत आर्या के आदेशानुसार यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यमुनोत्री धाम पैदल यात्रा मार्ग के नौकैंची के पास सुरक्षा के दृष्टिगत पैदल मार्ग के ऊपर रुके हुए पत्थरों को हटाने, यात्रा मार्ग के मरम्मत कार्य, रेलिंग आदि लगाए जा रहे हैं। वहीं यमुनोत्री धाम पैदल वैकल्पिक मार्ग की सफाई और सुव्यस्थित सुविधा किए जाने आदि का काम भी तेजी से चल रहा है। जिसके मंगलवार रात तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद ही यमुनोत्री पैदल मार्ग को कल सुरक्षित आवागमन के लिए सुचारू कर यात्रियों को जानकीचट्टी से धाम के लिए भेजा जाएगा।*

### वैष्णो देवी मार्ग श्रद्धालुओं के लिए खुला

कटड़ा। करीब 20 घंटे के उपरांत महत्वपूर्ण बैटरी कार मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। इसके साथ ही इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही एक बार फिर शुरू हो गई। दूसरी ओर इस महत्वपूर्ण मार्ग पर चलने वाली बैटरी कार सेवा को भी बहाल कर दिया गया। श्राइन बोर्ड ने तत्काल ऐसा कर यात्रियों को बड़ी राहत दी है। ऐसे में श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा शुरू कर सकते हैं। बता दें, सोमवार दोपहर को एकाएक हुई मूसलाधार बारिश के कारण महत्वपूर्ण बैटरी कार मार्ग पर कई जगहों पर भूस्खलन हुआ था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने इस मार्ग को बंद कर दिया था।






## रानी दुर्गावती के नाम पर चिड़ियाघर व रेस्क्यू सेंटर बनाए जाने की घोषणा

# वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता-शौर्य और पराक्रम भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा : मुख्यमंत्री

जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रानी दुर्गावती अपने नाम के अनुरूप मां दुर्गा के समान वीर और पराक्रम की प्रतिमूर्ति थीं। आज उनका बलिदान दिवस है। रानी दुर्गावती का जन्म लगभग 500 वर्ष पहले हुआ था। अमेरिका सहित पश्चिम के देशों को सामान्य तौर पर संस्कृति में अग्रणी माना जाता है, लेकिन भारत का गौरवशाली अतीत रहा है। आदिवासी अंचल की रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई नारी सशक्तिकरण की सबसे बड़ी उदाहरण हैं। रानी दुर्गावती के पिता ने 500 साल पूर्व उन्हें घुड़सवारी, तलवारबाजी और युद्ध कौशल में निपुण बनाया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को जबलपुर के नर्रई नाला स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद बारहा ग्राम में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

### जबलपुर में बनेगा आधुनिक चिड़ियाघर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर का ठाकुरताल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। यहां भोपाल के वन विहार की तर्ज पर एक आधुनिक चिड़ियाघर (रेस्क्यू सेंटर एवं जू) बनाया जाएगा, यह सेंटर गौंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती को समर्पित होगा। यह वन्यप्राणी रेस्क्यू सेंटर रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा। राज्य सरकार रानी दुर्गावती सहित सभी महान हस्तियों का सम्मान करते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैराथन जैसे आयोजनों के लिए नगर निगम जबलपुर को 5 लाख रुपए और कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति देने वाले प्रत्येक लोक कलाकार को 5-5 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होंगी दुर्गावती की वीरता की कहानियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मोटे अनाज के प्रोत्साहन एवं उपार्जन के लिए रानी दुर्गावती के नाम पर योजना की प्रारंभ की है। रानी दुर्गावती ने अपने जीवनकाल में 52 लड़ाइयां लड़ीं और 51 में विजय श्री प्राप्त की। उनके गौंडवाना साम्राज्य में 23 हजार गांव शामिल थे। वीर रानी दुर्गावती ने 3 बार मुगल सेना को धूल चटाई थी। राज्य सरकार ने उनकी वीरता की कहानियों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है। यह विरासत से विकास का एक क्रम है।

वीरांगना दुर्गावती ने जल संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रयास किए थे। उनके साथ इसी स्थान पर विश्वासघात हुआ था और उन्होंने वीरतापूर्वक अपना बलिदान कर दिया था। रानी दुर्गावती भी चंद्रशेखर आजाद की तरह आजाद रहीं दुश्मन उन्हें कभी हाथ नहीं लगा पाया। उन्होंने वीरांगनाओं को याद करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रानी अवंतीबाई व रानी लक्ष्मीबाई की शौर्य व पराक्रम की अद्भुत गाथा है। वर्तमान समय में आदिवासी अंचल की बहन राष्ट्रपति पद को गौरवांवित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिसीमन के बाद विधानसभा चुनाव में बहनों को भी 33 प्रतिशत आरक्षण देने की भावना है।

### समाधि स्थल नारी शक्ति के बलिदान की जीती जागती मिसाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक रानी दुर्गावती को समर्पित करते हुए गोंडवाना की धरती पर करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों 10 करोड़ रुपए की राशि समाधि स्थल के विकास के लिए स्वीकृत कराई गई थी। समाधि स्थल को और भव्य तथा आकर्षक बनाने के लिए केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से और राशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रानी दुर्गावती का यह समाधि स्थल महाकौशल के लिए नहीं बल्कि पूरे देश में नारी शक्ति के बलिदान की जीती जागती मिसाल होगी।

### ये रहे उपस्थित

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सर्वश्री सुशील कुमार तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, संतोष वरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे एवं नीरज सिंह, जनजातीयजन और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



# शहादत को नमन करने अगले साल से होगी रानी दुर्गावती हाफ मैराथन दौड़ : सीएम

हरिभूमि, जबलपुर।

सन 1971 में गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की वीर गाथा और शहादत को नमन करते हुए उनकी वीरता और उनकी शौर्य कहानी को इतिहास में गुमनाम होने से बचने के लिए मित्र संघ संस्था के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार अजित वर्मा ने सबसे पहले वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून 1971 को उनके बलिदान स्थल नर्रई नाले के पास उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम प्रारंभ किया था। कुछ समय पश्चात रानी दुर्गावती रक्षा अभियान समिति का गठन किया गया जिसमें मित्र संघ मिलन और नगर निगम ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम को करना प्रारंभ किया।

**महापौर के नेतृत्व में वीरांगना की स्मृति सहेजने के प्रयास सराहनीय, मुख्यमंत्री कोष से दिए 5 लाख रुपये**

वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता को नमन करने के लिए श्री वर्मा के प्रयासों से शहादत के सम्मान स्वरूप वहां पर पुलिस बैंड दल द्वारा सलामी देकर और पुलिस दल द्वारा सलामी फायर पेश कर रानी को नमन किया जाता है। आने वाली पीढ़ियों को भी वीरांगना दुर्गावती के बारे में जानकारी मिले इसी उद्देश्य से मित्र संघ ने नगर निगम के साथ मिलकर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन प्रारंभ करवाया। छोटे से स्वरूप से मिनी मैराथन बनी यह 19 किलोमीटर की दौड़ 24 जून को प्रतिवर्ष रानी दुर्गावती के बलिदान का स्मरण करने और उनके वीरता को याद कराने के उद्देश्य से होती आ रही है। इसमें निरंतर कॉरपोरेशन एथलेटिक संघ का सहयोग भी बना हुआ है।

विगत 55 वर्ष पूर्व श्री अजित वर्मा द्वारा शुरू किए गए वीरांगना की स्मृति संयोजन के अभियान को आज एक बड़ा मुकाम मिला है। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अगले साल से राष्ट्रीय स्तर की रानी दुर्गावती हाफ मैराथन दौड़ आयोजित करने की घोषणा की। हाल ही में महापौर जगत बहादुर सिंह की अध्यक्षता में रानी दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान की बैठक में मित्र संघ संस्था के अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर एवं सह संयोजक परितोष वर्मा ने वर्षों पुरानी राष्ट्रीय स्तर की हाफ मैराथन दौड़ कराने की इस मांग को पुनः बैठक में उठाया था।महापौर श्री अन्नू ने वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति को और अमिट बनाते हुए मजबूती प्रदान करने तत्काल इस बात पर संज्ञान लिया और बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष वे इस प्रस्ताव को रखेंगे और उनसे इस सौगात की मांग करेंगे।

गोंडवाना राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य, वीरता, पराक्रम को पूरे प्रदेश और देश में पहुँचाने कि इस मांग को संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तत्काल सहर्ष स्वीकार किया और यह घोषणा की कि अगले वर्ष से राष्ट्रीय स्तर की 21 किलोमीटर की रानी दुर्गावती हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मैराथन के अनुरूप जो भी राष्ट्रीय स्तर अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानक होते हैं उन्हें पूरा करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही 22 जून को मित्र संघ मिलन और नगर निगम द्वारा आयोजित हुई रानी दुर्गावती मैराथन प्रतियोगिता के पुरुष और महिला वर्ग के प्रथम तीन तीन विजेताओं को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मंत्री राकेश सिंह,महापौर जगत बहादुर सिंह,सांसदआशीष दुबे एवं समस्त विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति पुरस्कृत भी किया गया।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा अब रानी दुर्गावती की शहादत और उनके देश प्रेम के किस्से और प्रेरणादाई अंतमोसर्ग प्रदेश ही नहीं पूरे देश तक उनके देश प्रेम और उनकी वीरता की गाथा को पहुँचाने का कार्य किया जाएगा। ताकि आने वाली पीढ़ी भी अपने देश प्रेमी बलिदानियों के वीर पराक्रम के बारे में जान सके। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महापौर श्री अन्नू के नेतृत्व में वीरांगना की स्मृति को सहेजने की दिशा में किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपये राष्ट्रीय हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के लिए नगर निगम को देने की घोषणा भी की।

# पिछले 1 साल से बंद हैं शहर के ट्रैफिक सिग्नल

जबलपुर।

जबलपुर में ट्रैफिक सिग्नल बंद रहने का सिलसिला पिछले 1 वर्ष से जारी है, जिसका खामियाजना अराजक यातायात, घंटों के जाम से नागरिक भुगत रहे है, ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने की खुली छूट मिल गई है तथा मोटर व्हीकल एक्ट का घोर उल्लंघन हो रहा है।

**अराजक यातायात पर कलेक्टर, एसपी, आरटीओ को नोटिस**

अतः ऐसी विपरीत परिस्थिति निर्मित होने की जांच करें तथा जवाबदेही तय कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें। ट्रैफिक सिग्नल बंद होने की स्थिति से तत्काल मुक्ति दिलाए। यह नोटिस मंगलवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने कलेक्टर, एसपी, आरटीओ तथा आयुक्त नगर निगम को भेजा है।

### शासन को प्रतिमाह 1 लाख का नुकसान

जबलपुर में ट्रैफिक सिग्नल नियमों का पालन नहीं करने पर दोषियों पर ई चलानों से प्रतिमाह लगभग 1 लाख का जुर्माना लगाया जाता था, यह राशि शासन के पास जमा होती थी, लेकिन ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से शासन की यह आमदनी भी बंद हुई है।

### प्रदेश के महानगरों में केवल जबलपुर में समस्या

प्रदेश के महानगरों में केवल जबलपुर में ही ट्रैफिक सिग्नल की यह समस्या है, जो पिछले एक वर्ष से जारी है। फिर भी शासन आंख बंद कर बैठा है।

# आदिवासियों के साथ भेदभाव कर रही सरकार

## विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

जबलपुर।

मप्र विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यहां कहा कि भाजपा के शासन काल में आदिवासी समाज का शोषण हो रहा है। आज भी प्रदेश के आदिवासियों के साथ भेदभाव किया जा रहा हैं उन्हें योजनाओं से वंचित रखा जा रहा हैं। दमोह के सिंग्रामपुर में वीरांगना बलिदान दिवस में शामिल होने से पूर्व जबलपुर में सर्किट हाउस में श्री सिंघार पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा भी मौजूद थे। पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री सिंघार ने गोंडवाना साम्राज्य की महारानी रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर भाजपा पर आरोप लगाते



हुए दो टूक शब्दों में कहा कि वीरांगना के नाम पर भाजपा वोट मांग रही है। आदिवासी समाज का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। श्री सिंघार ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान आगे कहा कि आरएसएस के विचारधारा और नीति व नियमों को भाजपा जनता पर थोपना चाहती है, जो कांग्रेस कभी नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह महाकौशल की जनता ने रानी दुर्गावती के अभेद किले की तरह कांग्रेस को मजबूत किया। भाजपा कभी पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पायी, इसी तरह भाजपा के मंसूबों को नाकामयाब कर जनता कांग्रेस को समर्थन दें। संविधान और अपने अधिकारों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि भाजपा के मंत्री प्रधानमंत्री के चरणों में तीनों सेनाओं के नतमस्तक होने की बात कर सेना के गौरव को धूमिल कर रहे हैं। जिससे साफ है कि भाजपा सत्ता के नशे में चूर है। इन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती आदिवासी समाज की वीर नारी थी जिन्होंने अंग्रेजों के साथ लड़ाई करते हुये अपना बलिदान दे दिया, लेकिन हार नहीं मानी थी।

# औषधि निरीक्षकों ने क्लिनिक में मारा छापा

**जबलपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के औषधि निरीक्षकों ने आज मंगलवार की शाम राँझी तहसील के अंतर्गत रिछाई में झोलाछाप चिकित्सक द्वारा संचालित जन स्वास्थ्य क्लिनिक का आकस्मिक निरीक्षण कर बिना लाइसेंस के भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहीत एलोपैथिक दवाएं जप्त की हैं।

**झोलाछाप चिकित्सक से जप्त की बिना लाइसेंस की अवैध एलोपैथी दवायें**



औषधि निरीक्षक शरद जैन के अनुसार दशरथ कुमार बैरागी द्वारा संचालित इस जन स्वास्थ्य क्लिनिक के विरुद्ध जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा को अवैध रूप से एलोपैथी दवायें रखने की शिकायत प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान इस क्लीनिक से बिना लाइसेंस के संग्रहीत पाई गई एलोपैथी औषधियों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। इसके साथ ही जप्त दवाओं की माननीय न्यायालय से कस्टडी लेकर अनुसंधान संधारित किया जा रहा है।

औषधि निरीक्षक श्री जैन के मुताबिक जाँच के दायरे में जन स्वास्थ्य क्लिनिक को अवैध रूप से दवाएं विक्रय करने वाले थोक दवा विक्रेताओं को भी लिया जाएगा और दोषी पाये जाने पर उनके विरुद्ध भी कार्यवाही की जायेगी।

**अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में बनाई जा रही थी मिठाई**

# श्रीराम स्वीट्स का लाइसेंस निलंबित

## लायसेंस निलंबन की अवधि में खाद्य पदार्थों के निर्माण और विक्रय पर भी रोक

**जबलपुर।** निरीक्षण में अत्यंत अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण करते पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई में स्थित श्रीराम स्वीट्स का खाद्य लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही लायसेंस निलंबन की अवधि में इस प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों के निर्माण तथा विक्रय पर भी पूर्णतः रोक लगा दी गई है।


श्रीराम स्वीट्स के खाद्य लायसेंस निलंबन तथा खाद्य करोबार के संचालन पर रोक लगाने की यह कार्यवाही लोक स्वास्थ्य के हित के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जबलपुर के अभिहित अधिकारी एवं अनुज्ञापन अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे के निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर की है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है।



रिछाई इंडस्ट्रियल एरिया के प्लाट नम्बर-81 स्थित श्रीराम स्वीट्स का खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे द्वारा 21 जून को आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान इस प्रतिष्ठान में बदबूदार नाली के समीप तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों और पेड़ों का निर्माण किया जाना पाया गया था। निरीक्षण में प्रतिष्ठान संचालक द्वारा चाहे गये दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराये जा सके थे।

# ज्ञान का सदुपयोग करें : आचार्यश्री

हरिभूमि जबलपुर।



दिगंबर जैन छोटा मंदिर गढ़ा में आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री समय सागर महाराज ने अपने उपदेश में कहा कि ज्ञान दुख का मूल है ज्ञान ही भव का कूल, राग सहित प्रतिकूल है राग रहित अनुकूल। राग से रहित जो ज्ञान है वही संवर निर्जरा के लिए कारण है उसी से मोक्ष संभव है। यदि राग से सहित ज्ञान है तो वह संसार का कारण है हमें जो भव मिला है इसी के माध्यम से हम किसी भी विषय का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, और उस भव के कारण ही हमें कर्मों का आश्रव हो रहा है। हमें ज्ञान का सदुपयोग करना है न कि दुरुपयोग, निरंतर संसारी प्राणी राग द्वेष करता है जिस कारण कर्मों का आश्रव हो रहा है। जब मन वचन काय से चेष्टा अशुभ होती है तो पाप का आश्रव हमारी आत्मा से होता है, यह सब अनादिजन्य मोह के संस्कारों के कारण हो रहा है। और जब मन वचन कार्य से चेष्टा शुभ होती है तो पुण्य का आश्रव होता है। धर्म सभा के आरंभ में श्रीमती संगीता जैन ने आचार्य श्री की संगीतमयपूजन किया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कैलाशचंद मट्टू भैया एवं सोनेलाल ने किया। आचार्य श्री को शास्त्र भेंट करने एवं पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य मुकेश जैन, योगेश जैन, रत्नेश जैन, निकि जैन, श्रीमति कल्पना बजाज जैन एवं उनके परिजनों को मिला। धर्म सभा का संचालन पंडित अमित शास्त्री ने किया। आज शाम को आचार्य श्री का मंगल प्रवेश दयोदय तीर्थ तिलवारा में हुआ संरक्षिणी सभा के द्वारा गुरुवर की भव्य अगवानी की गई। बुधवार की धर्म सभा दयोदय तीर्थ में संपन्न होगी।

## नौजवान लंगर कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर।** नौजवान लंगर कमेटी, गढ़ा बाजार की एक आम बैठक हाल ही में संपन्न हुई, जिसमें विगत वर्ष के अध्यक्ष फैजुल मंसूरी की अनुशंसा एवं समिति के संयोजक नियाज मंसूरी, नूर भाईजान, शादाब मंसूरी, आसिफ खान, आशिक शाह और अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति में हाफिज इरफान मंसूरी को नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके साथ, खालिक मंसूरी को उपाध्यक्ष, जीशान खान को सचिव, और मो. सरफराज को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति में साहिल मंसूरी को सह-सचिव और मोनू शाह को सह-कोषाध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया है। यह नई कार्यकारिणी नौजवान लंगर कमेटी के आगामी कार्यों और सेवा गतिविधियों का संचालन करेगी।

# शिक्षकों ने शिक्षा की अलख जगाने लिया संकल्प

**पाटन।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संकुल स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल पाटन में आयोजित किया गया जिसमें ब्लाक के अंतर्गत सभी संकुलों के शाला प्रभारी, जिला प्रौढ़ अधिकारी अंजनी सेलेट जिला समन्वयक दीपक पटेल तथा अन्य ब्लाक समन्वयक अमृता कोरी नेतराम झरिया बिंदु गुप्ता जगत पटेल श्याम मंडलेकर संकुल सह समन्वयक साक्षरता श्याम सुंदर तिवारी, सन्तोष चौबे सुरेंद्र झारिया ब्रम्ह दत्त उपाध्याय रवि कोरी श्रीमति अनिता ठाकुर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण पीपीटी के माध्यम से कुंडम ब्लाक समन्वयक नेतराम झारिया, भास्कर गुप्ता ब्लाक समन्वयक पाटन तथा संकुल समन्वयक श्री सन्तोष चौबे द्वारा दिया गया, जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी द्वारा NILP app में किस प्रकार असाक्षर पंजियन व मानीटरिंग परिणाम एंट्री शत प्रतिशत सर्वे कार्य पूर्ण करने सम्बन्धी निर्देश दिए अन्य ब्लाक समन्वयको द्वारा IPCL शिक्षण पद्धति पर प्रकाश डाला गया एवं 2027 तक सभी असाक्षरों को साक्षर करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव सभी समन्वयकों द्वारा दिये व प्रत्येक परीक्षा में लक्ष्य अनुसार असाक्षरों को सम्मिलित करने पर जोर दिया अंत में पोस्ट टेस्ट के पश्चात प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।



# ब्राह्मण समाज की बैठक में नवीन निर्वाचन पर चर्चा

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा की मासिक बैठक का आयोजन पंडित विशुद्धानंद पांडे ब्राह्मण समाज भवन में अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य रुप से समाज के अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सभी 18 वार्डों में सदस्यता अभियान चलाने के अलावा अगले माह से प्रारम्भ हो रहे श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा शिव मंदिर बाबाताल में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराने के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया। इसी तरह जुलाई माह के दुसरे सप्ताह में आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के संबंध में भी चर्चा की गई। समाज द्वारा वर्ष 2022,23 में नगर के विभिन्न स्कुलो में दसवीं एंव बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। इसी तरह 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठों का भी सम्मान किया जायेगा। सभी से अपील की गई है कि जिन विप्रजनों के घर में अस्सी शाल की आयू पूर्ण करने वाले वरिष्ठ नागरिक हो तो वे जानकारी दें जिससे उनका भी सम्मान किया जा सके। इस अवसर पर संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, जयप्रकाश दुबे, नंदकुमार परौहा, प्रवीण गौतम, प्रवीण कुररिया, गोपाल पाठक, अशोक उपाध्याय, राजेन्द्र गर्ग, राजेन्द्र दुबे, रवि दुबे, अनिरुद्ध त्रिवेदी सहित अनेक कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।



# रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन

**सिहोरा।** गोंड समाज महासभा सिहोरा के तत्वाधान में मंगलवार को गोंडवाना की महान पराक्रमी वीरांगना रानी दुर्गावती का 461 वां बलिदान दिवस अंबेडकर भवन आदिवासी बालक छात्रावास के सामने कार्यक्रम का आयोजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आयोजन अनिल सहलाम के मुख्य आतिथ्य एंव मोहन सिंह ओयाम विशिष्ट आतिथ्य में में किया गया। अशोक सिंह गोंड, तहसील अध्यक्ष नवनीत सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिवम सिंह ठाकुर, राम मिलन सिंह ठाकुर, योगेश सिंह, अमर सिंह, राम कुमार मरावी, अक्षय सिंह वरकड़े, गोविन्द सिंह ठाकुर, ज्योति ठाकुर, नेहा सिंह ठाकुर, सोनम सिंह ठाकुर, हेमलता सिंह ठाकुर, राधा सिंह वरकड़े सहित अनेक लोग उपस्थित थे।




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में चारों ओर फैली गंदगी

**मझौली।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में चारों ओर फैली गंदगी मेन गेट पर तालाब जैसा भरा रहता है पानी जबकि इसी रास्ते से कर्मचारी सुबह शाम निकलते रहते लेकिन इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। उनको अपनी नौकरी से मतलब है चाहे गंदगी हो या बीमारी फैले। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे एवं सामने फैली रहती गंदगी। नगर वासियों ने साफ-साफाई की मांग की है जिससे वहां पर भर्ती होने वाले मरीजों को परेशान न होना पड़े।



# उच्च न्यायालय ने रद्द किया शिक्षक का तबादला आदेश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में सहायक शिक्षक का तबादला आदेश रद्द कर दिया है. शिक्षक को दमोह जिले के शासकीय हाई स्कूल से टीकमगढ़ जिले में स्थानांतरित किया गया था। याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता मनन अग्रवाल व सम्यक जैन के माध्यम से याचिका लगाई थी जिसमें बताया गया कि सहायक शिक्षक का पद जिला संवर्ग का होता है और नीति अनुसार उसे केवल उसी जिले में स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, स्थानांतरण आदेश में ही उल्लेखित था कि नवीन जिले में वरिष्ठता समाप्त हो जाएगी। न्यायालय ने माना कि यह स्थानांतरण याचिकाकर्ता की सेवा शर्तों को प्रतिकूल रूप से बदलता है और ऐसा स्थानांतरण केवल कर्मचारी की सहमति से ही किया जा सकता है। अधिवक्ताओं के ठोस तर्कों के आधार पर, उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 07.06.2025 के तबादला आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में आदेश दिया कि याचिकाकर्ता दमोह जिले के शासकीय हाई स्कूल में अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। इस फैसले ने मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों के तबादलों में हो रही अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासनिक आवश्यकता के नाम पर बिना उचित प्रक्रिया के तबादले अवैध हैं। यह मामला शिक्षक समुदाय के बीच चर्चा का विषय बन गया है, और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर एक महत्वपूर्ण उदाहरण स्थापित करता है।

# स्वर्गीय दादा रोहाणी का 79वां जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय दादा ईश्वरदास दास रोहाणी के 79वें जन्मदिवस के अवसर पर दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया है। जिसमें 26 जून 2025 से 29 जून 2025 तक केंट विधानसभा में रक्तदान शिविर, आयुर्वेदिक, हौम्योपैथिक, एक्यूप्रेशर के माध्यम से केंट विधानसभा के नागरिकों का निःशुल्क उपचार एवं जांचे की जावेंगी। सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस 26 जून 2025 गुरूवार को चेतना मैदान बिलहरी में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर प्रातः 09 से 01 बजे दोपहर, द्वितीय दिवस 27 जून 2025 शुक्रवार प्रातः 09 से 01 बजे दोपहर ए.पी.एन. स्कूल, सदर, तृतीय दिवस 28 जून 2025 शनिवार प्रातः 09 से 01 बजे दोपहर मान्या गार्डन, कंचनपुर अधारताल, चतुर्थ दिवस 29 जून 2025 शनिवार प्रातः 09 से 01 बजे दोपहर सरस्वती शिशु मंदिर रांझी जबलपुर में आयोजित किए जावेंगे। इन शिविरों में नेत्र रोग मोतियांबिंद, मेडिसिन, डायबिटीज, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, छाती व श्वास रोग, सर्जरी, हड्डी और जोड़ों के रोग एवं दंत रोग सहित अन्य बिमारियों का चिकित्सकों के द्वारा उपचार कर दवा वितरण किया जावेगा। 4 दिवसीय रक्तदान शिविर में केंट विधानसभा के कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे, जो विक्टोरिया, ऐल्गिन एवं मेडिकल अस्पतालों में संग्रहित किया जावेगा, आवश्यकता पड़ने पर जरूरत मंदों को रक्त प्रदान किया जावेगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में विक्टोरिया, ऐल्गिन, मेडिकल सहित जबलपुर हॉस्पिटल, मेट्रो हॉस्पिटल, ओमेगा हॉस्पिटल, छवि नेत्र चिकित्सालय, मार्बल सिटी हॉस्पिटल, देव जी नेत्रालय, हितकारिणी डेंटल कॉलेज के चिकित्सक अपनी सेवा प्रदान करेंगे। 30 जून 2024, रविवार को स्वर्गीय दादा ईश्वरदास दास रोहाणी के 79वें जन्मदिवस के अवसर पर दादा की प्रतिमा पर माल्यार्पण, श्रद्धांजली सभा प्रातः 08 बजे अयोजित की जावेगी। इस अवसर पर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, रिंकुज विज, डॉ. सुनील मिश्रा, सचिन जैन सहारा, माइकल प्रदीप कपूर, दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, आशीष राव, गुड्डा केवट, सौरभ गोयल, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, कुमारी कृष्णा दास चैधरी, श्रीमती रीना ऋषि यादव, शरद श्रीवास्तव, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्याम कनौजिया, सुंदर अग्रवाल, संजय जैन, संजय वर्मा, अजय पदम, गोविंद यादव, संजय ठाकुर, पवन यादव, संजय कपूर, पवन रजक, शेखर पिल्ले, विकास बावरिया, दशरथ पिल्ले, हेमराज सराठे, सुधीर बेन आप सभी की उपस्थिति की अपील की है।

### 118 नशीले इंजैक्शन जब्त, 2 गिरफ्तार

# नशीले इंजेक्शनों के सौदागर पुलिस के हाथ लगे

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और लार्डगंज पुलिस ने आदि प्लाजा के सामने नशीलें इंजैक्शन के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 118 नग नशीलें इंजैक्शन जब्त किए है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम और लार्डगंज पुलिस ने आदि प्लाजा के सामने स्थित एक चाय टपरे में नशीलें इंजैक्शन लेकर खड़े शारदा चौक अन्ना मोहल्ला गढ़ा निवासी 20 वर्षीय वासू यादव उर्फ अन्ना यादव और 24 वर्षीय दीपक साहू को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर थैले मे बुप्रेनोरफिन के 90 इंजेक्शन तथा फेनिरामाईन मैलेट 28 इंजैक्शन जब्त किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 5/13 म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट तथा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



# संजीवनी नगर व पाटन में चोरी की वारदातें

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत सांई कालोनी और गुजराती कालोनी दो सूने मकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रूपए के जेवर व दो लाख 20 हजार रूपए नगद चोरी कर ले गये। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र में ग्राम टीमरी में एक नवनिर्मित मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोनी चांदी के जेवर और 20 हजार रूपए नगद चोरी करके ले गए। पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। संजीवनी नगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांई कालोनी गार्डन के सामने निवासी गजेन्द्र सिंह अहिरवार 22 जून को रात 8 बजे घर में ताला लगाकर चाबी अपने भाई देवेन्द्र को दे गया था। कल सुबह उसके भाई देवेन्द्र ने घर के मेनगेट का ताला खोला तो अंदर के गेट में लगा ताला ओर सेंटर लॉक टूटा मिला घर पूरा अस्त व्यस्त था। अलमारी एवं लॉकर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 2 सोने की चेन, दो अंगूठी, एक जोड़ी कंगन,



एक जोड़ी झुमके, एक जोड़ी वाले 7 जोड़ी बिछिया 3 जोड़ी पायल 2 लाख 20 हजार रूपए नगद गायब थे। इसी तरह गुजराती कालोनी संजीवनी नगर निवासी फर्नीचर बनाने का काम करने वाला राकेश बर्मन 22 जून को शाम 7.30 बजे घर में ताला लगाकर अपने गांव पोढी कटंगी गया था अगले दिन सुबह 7 बजे घर लौटा तो मेनगेट का ताला तोड़करघुसे चोर अलमारी के लॉकर में एक स्टील के डिब्बे में बंद करके रखे दो अंगूठी एक लॉकेट और चांदी की पायल संतान सातें की चार चुड़ी एक जोड़ी बिछिया और कड़ा चोरी कर ले गये। पुलिस ने धारा 331 (4) 305 (1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी तरह एक अन्य घटना में भानतर्लया निवासी वीरेन्द्र कुमार चौधरी के ग्राम टीमरी पाटन रोड स्थित नवनिर्मित मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने की एक जोड़ी झुमकी चार कंगन एक बेंदी एक चेन एक अंगूठी चांदी की 6 जोड़ी पायल एक कर्धन चांदी की कटोरी चम्मच, 25 सिक्के और 20 हजार रूपए नगद चोरी कर ले गये। पुलिस ने धारा 305(1)का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रांझी में दुकान से अंडर गारमेंट सहित साड़ी चोरी

**जबलपुर।** रांझी और माढ़ोताल थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई है। रांझी संजयनगर शिव शक्ति भवन के पास एक दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर गल्ले में रखे नगद 15 हजार रुपए, 30 साड़ी, लोवर टी शर्ट एवं अंडर गार्मेंट के डिब्बे चोरी कर ले गए। वहीं माढ़ोताल में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवरात और नगदी 10 हजार रुपए चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवरातों की कीमत 65 हजार रुपए बताई गई है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती मानेगांव रांझी निवासी 46 वर्षीय रश्मि झा की संजय नगर शिव शक्ति भवन के पास रांझी में स्थित ओम साई साड़ी सेन्टर नाम की दुकान है। गत 16 जून की शाम लगभग 4 बजे वह अपनी दुकान बंद कर के घर चली गई थी। दूसरे दिन सुबह 10.30 बजे अपनी दुकान आई तो उसके होश उड़ गए। उसकी दुकान के शटर में लगे दोनों ताले टूटे पड़े थे। दुकान के गल्ले मे रखे 15 हजार रूपये नगद एवं 30 साड़ी, लोवर टी शर्ट एवं अंडर गार्मेन्ट के डिब्बे चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 25 हजार रुपए बताई गई है।

### माढ़ोताल में सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर व नगदी ले उड़े चोर

इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्तूरी प्लाट नंबर 24 ग्राम रैगवा निवासी 44 वर्षीय गिरीश पिंगले गत रात 10 बजे अपने परिवार सहित अपने पुराने घर यादव कालोनी गया था। गत सुबह लगभग 10 बजे अपने नये मकान कस्तूरी सिटी प्लाट नं 24 ग्राम रैगवा आया और बाहर के गेट का ताला खोलकर अंदर गया, तो देखा कि मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ था अंदर कमरे में रखी दोनों आलमारी खुली थी। लाकर में रखे जेवरात सोने का मंगल सूत्र, 2 अंगूठी, चांदी की तीन जोड़ी पायल, दो संतान सांते के कडे एवं नगदी 10हजार रूपये चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवरातों की कीमत लगभग 65 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 ए बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### 2 गिरफ्तार, 3 आरोपी फरार, 11 हजार जब्त

# सट्टे के अड्डे पर पुलिस का छापा

**जबलपुर।** गौरीघाट पुलिस ने झंडा चौक सब्जी मंडी के पीछे सामुदायिक भवन के पास और बादशाह हलवाई मंदिर के पास चण्डी माता मंदिर के पास खाली जगह में सट्टा पट्टी लिख रहे दो सटोरिए को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद 11 हजार 350 रुपए, 2 मोबाइल, 2 कैल्कुलेटर जब्त किए है।



गौरीघाट थाना प्रभारी सुभाष चंद बघेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गत दिवस झंडा चौक सब्जी मंडी के पीछे सामुदायिक भवन के पास सट्टा पट्टी लिख रहे कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर निवासी 51 वर्षीय नरेश चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है। सट्टे के सम्बंध मे पूछताछ करने पर झण्डा चौक गौरीघाट निवासी उमेश पटेल के कहने पर साथी भाईजान के साथ मिलकर सट्टा लिखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने सटोरियें के कब्जे से नगद 9 हजार 500 रूपये, 1 मोबाईल, 2 कैल्कुलेटर, एवं सट्टा पट्टी 60 पर्ची, सट्टा की 3 गड्डी, दिनॉक डालने की सील, टेबिल, आदि जप्त किए है। पुलिस ने तीनों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा धारा 49 एवं 112 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है। आरोपी उमेश पटेल एवं भाईजान फरार है।

इसी प्रकार गौरीघाट बादशाह हलवाई मंदिर के पास चंडी माता मंदिर के बाजू स्थित खाली जगह में सट्टा खिलाने वाले पीपी कालोनी गौरीघाट निवासी 27 वर्षीय गोलू दीवान को गिरफ्तार कर उसके पास से नगद 1 हजार 850 रुपए, सट्टा पट्टी, सट्टा बुक, एक रेडमी कंपनी का मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ करने पर गोलू दीवान ने नितिन गडरिया के कहने पर सट्टा पट्टी लिखने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा धारा 49 एवं 112 बीएनएस के तहत कर मामला जांच में लिया है। सटोरिया नितिन गडरिया फरार है।



**श्रीमती सरोज तिवारी-** सिहोरा, काल भैरव चौक वार्ड क्रमांक 5 निवासी श्रीमती सरोज तिवारी का 68 शाल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश तिवारी की पत्नी थी।

**श्री रमेश कुमार गोहिया-** भगवान विहार अपार्टमेंट बराट रोड नेपियर टाउन निवासी श्री रमेश कमार गोहिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र सिंह राजपूत-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री ताराचंद राजपूत के पुत्र श्री जीतेंद्र सिंह राजपूत (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री विमला बर्मन-** 28 क्वाटर्स जेडीए विजयनगर निवासी श्री छेदी लाल बर्मन की पुत्री सुश्री विमला बर्मन (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता सेन-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री अनिल कुमार सेन की धर्मपत्नी श्रमती अनीता सेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री निरंजन दास-** पुरानी पीपी कॉलोनी शिव मंदिर बगीचा के पास




निवासी श्री निरंजन दास (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन बाई विश्वकर्मा-** माढ़ोताल निवासी श्री शंभू प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मोहन बाई विश्वकर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशन लाल पटेल-** रामपुर शंकरशाह वार्ड काछी मोहल्ला निवासी श्री किशन लाल पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुमित पटेल-** विजयनगर निवासी श्री राहुल पटेल के पुत्र श्री सुमित पटेल (15) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई-** दुर्गा नगर भटौली निवासी श्री कलीराम की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरू सिंह डेहरिया-** रामनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री वीरू सिंह डेहरिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अमित कोल-** संजय नगर पोलीपाथर निवासी श्री कृष्ण कुमार कोल के पुत्र श्री अमित कोल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# सत्ता के लिए संविधान की हत्या



50 वर्ष
अवधेश कुमार

25 जून, 1975 की अर्धरात्रि को स्वतंत्रता आंदोलन के महान सपनों, स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों और संविधान निर्माताओं की भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य की कल्पनाओं को रौंदते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से आपातकाल लागू करने के अध्यादेश पर हस्ताक्षर करवाए। देश के संविधान की धारा 352 में आंतरिक आपातकाल की व्यवस्था थी, किंतु उस धारा को ठीक से देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि इंदिरा गांधी की सत्ता को कायम रखने, उनकी चाहत से देश चलाने तथा किसी भी विरोधी आवाज के सामने न आने की तानाशाही और हिटलरवादी सोच के तहत ही आपातकाल लागू किया गया।

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। 25 जून, 1975 की अर्धरात्रि को स्वतंत्रता आंदोलन के महान सपनों, स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों और संविधान निर्माताओं की भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य की कल्पनाओं को रौंदते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से आपातकाल लागू करने के अध्यादेश पर हस्ताक्षर करवाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और यह सरकारी गजट में शामिल भी हो गया। कांग्रेस और कुछ पार्टियां आज इसे भाजपा और संघ की राजनीति तथा सत्ता का दुरुपयोग घोषित कर रही हैं किंतु वर्तमान राजनीतिक माहौल से परे होकर आपातकाल लागू होने की परिस्थितियों, आपातकाल के दौरान विरोधी कार्यकर्ताओं नेताओं के दमन, उत्पीड़न, प्रेस की स्वतंत्रताओं के दमन तथा संविधान के साथ मनमानी छेड़छाड़ आदि को साथ मिलाकर देखें तो यह नामकरण उपयुक्त नजर आएगा। हालांकि यह सामान्य ट्रेजेडी नहीं है कि आज की राजनीति के अनेक चेहरे आपातकाल में जेल जाने वालों या उनके परिजनों के हैं और जिनकी राजनीति में हैसियत इसी कारण है कि वे कांग्रेस के साथ राजनीति के दबाव में अपनी अंतरात्मा की आवाज के विरुद्ध आपातकाल की आलोचना तक करने को तैयार नहीं हैं। तब इंदिरा गांधी और कांग्रेस के नेता और आज उनके समर्थक भी यही कहते हैं कि आपातकाल संविधान की धाराओं के तहत ही लगाया गया था। निस्संदेह, देश के संविधान की धारा 352 में आंतरिक आपातकाल की व्यवस्था थी, किंतु संविधान सभा में हुई बहस और उस धारा को ठीक से देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि इंदिरा गांधी की सत्ता को कायम रखने, उनकी चाहत के आधार पर देश चलाने तथा किसी भी विरोधी आवाज के सामने न आने की तानाशाही और हिटलरवादी सोच के तहत ही आपातकाल लागू किया गया। आखिर आपातकाल के पीछे कारण क्या थे? इसका तात्कालिक और मूल कारण 12 जून, 1975 का इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिंह का इंदिरा गांधी के रायबरेली से निर्वाचन को अवैध करार देने का आदेश था। 1971 के आम चुनाव में रायबरेली क्षेत्र से पराजित विपक्ष के नेता राजनारायण ने चुनाव में धांधली तथा सरकारी मशीनरी के व्यापक दुरुपयोग का मामला दर्ज कराते हुए चुनाव परिणाम रद करने की अपील की थी। न्यायालय ने इंदिरा गांधी को इसका दोषी पाते हुए न केवल अयोग्य घोषित कर दिया बल्कि 6 साल के लिए उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी। इसके बाद न वह संसद की कार्यवाही में भाग ले सकती थी और न प्रधानमंत्री के रूप में भूमिका निभा सकती थी। समान लोकतांत्रिक व्यवस्था में उच्चतम न्यायालय में अपील से अगर इस आदेश को स्थगन नहीं मिलता तो उन्हें त्यागपत्र देना चाहिए था। इंदिरा और तत्कालीन कांग्रेस पार्टी ने इसके विपरीत पूरे संविधान की हत्या करते हुए हर हाल में प्रधानमंत्री बने रहने का उपाय शुरू किया। न्यायालय के फैसले के विरुद्ध 20 जून को शक्ति प्रदर्शन के लिए कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के समर्थन में दिल्ली में एक बड़ी रैली की। इसमें पहली बार इंदिरा गांधी के साथ पूरा परिवार उपस्थित था और उन्होंने देश की सेवा में



अपने साथ परिवार का नाम लिया। प्रकारांतर से वे समर्थकों को यही कह रही थी कि देश और हमारा परिवार एक दूसरे के पर्याय हैं और हमें ही सत्ता के हमारे अधिकार से वंचित किया जा रहा है। तब देश की पूरी तस्वीर को देखें तो भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद और सत्ता की लंपटयी एवं शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त दोषों के विरुद्ध आंदोलन और हड़ताल चल रहे थे। लोगों में आक्रोश था। आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब थी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध गुजरात के छात्रों ने 'नवनिर्माण आंदोलन' प्रारंभ किया था। उनकी मांग थी, 'भ्रष्ट चिमन पटेल की सरकार को बर्खास्त किया जाए'। जन आक्रोश के सामने सरकार नहीं टिक सकी। गुजरात विधानसभा बर्खास्त हुई, चुनाव में जनसंघ, संगठन कांग्रेस, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी जैसे दलो के 'जनता मोर्चा' 182 सदस्यों की विधानसभा में 86 पर विजय प्राप्त की तथा आठ निर्दलीयों का उन्हें समर्थन मिला। बाबू भाई पटेल के नेतृत्व में जनता मोर्चा की सरकार का गठन इंदिरा के लिए सहन करना संभव नहीं था। बिहार में भी इसी तरह आंदोलन चल रहा था। छात्रों के आग्रह पर जयप्रकाश ने इसका नेतृत्व संभाला। इसी पृष्ठभूमि में 12 जून को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला आया था। 25 जून को रामलीला मैदान में विपक्ष की पहली ऐसी रैली हुई जिसमें देश भर से बड़ी संख्या में जन समूह उमड़ा। एक स्वर से इंदिरा गांधी के त्यागपत्र की मांग की गयी। 29 जून से आंदोलन करने की घोषणा की गई तथा जयप्रकाश ने पुलिस सहित सुरक्षा बलों से सरकार की बात न मानने की अपील की क्योंकि उनके अनुसार न्यायालय के फैसले के बाद इंदिरा गांधी का सत्ता से संवैधानिक और नैतिक अधिकार समाप्त हो चुका था। बताते हैं कि इंदिरा गांधी राष्ट्रपति भवन पहुंची और राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को समझाया तथा उन्होंने एक कांग्रेसी के रूप में रात 11.45 बजे आपातकाल के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया। आपातकाल लागू होते ही संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 के अंतर्गत सभी भारतीयों को प्राप्त मौलिक अधिकार समाप्त हो गए। मीसा या मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट अर्थात आंतरिक सुरक्षा अधिनियम एकमात्र कानून हो गया जिसके तहत पुलिस और प्रशासन काम करने लगा। प्रत्यक्ष दिखते विरोधी नेता ही नहीं, गांव से शहरों तक जिन पर भी विरोधी होने का संदेह आता, उनके लिए क्रूरता का पहाड़ टूट पड़ता। जयप्रकाश सहित सारे विरोधी नेता जहां जिस शहर में थे वहीं गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए गए। दूसरे संगठनों के नेताओं के साथ भी ऐसा ही होने लगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित 26 संगठन हालांकि 4 जुलाई को प्रतिबंधित हुए लेकिन उनके कार्यकर्ताओं, नेताओं की गिरफ्तारी पहले ही शुरू हो गई थी। आपातकाल में इंदिरा सरकार ने 48 अध्यादेश जारी किए। सबसे विवादास्पद 42वां संशोधन था जिसने न्यायपालिका की शक्ति को कम कर दिया। इस संशोधन ने संविधान की मूल संरचना को बदल दिया था। संविधान की प्रस्तावना को बदलकर समाजवादी, सेक्युलर और अखंडता शब्द शामिल हुआ। अंग्रेजों के बाद पहली बार प्रेस यानी समाचार पत्र, पत्रिकाएं और पत्रकार इस तरह सेंसरशिप और कानूनी दमन के शिकार हुए। इन सबको कोई संविधान की निर्मम हत्या की बजाय और क्या नाम दे सकता है? 25 जून, 1975 से 21 मार्च 1977 तक पूरे 21 माह देश का संविधान, न्यायालय सब ताक पर तथा एक नेता और उनके लोगों के शब्द ही संविधान, कानून और परंपराएं बन गई। संविधान बचाओ की रट लगाने वाले लोग जरा दिल पर हाथ रखकर सोचें कि जिनकी गिरफ्तारियां हुईं उनके परिवार के साथ क्या बीती, इसकी कहानियों से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पूरा पुलिस प्रशासन कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह जब काम कर रहा था तो फिर लोगों पर क्या बीती होगी, इसकी कल्पना की जा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चिंतन

# आतंकवाद के ईकोसिस्टम के खात्मे को एकजुट हो एससीओ

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब आतंकवाद की चिंगारी से पश्चिम एशिया अशांत है और दक्षिण एशिया में पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत झुलस रहा है। आतंकी गुट हमास ने इजरायल में पिकनिक मना रहे निहत्थे नागरिकों के समूह पर बर्बर हमला किया था, जिसमें सैकड़ों बेकसूर मारे गए थे। उसके बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। यह कार्रवाई इतनी विकराल होती गई कि आज वह चिंगारी इजरायल व ईरान के बीच विध्वंसक युद्ध का रूप ले चुकी है। इसमें अमेरिका भी कूद पड़ा और सीजफायर विफल साबित हो रहा है। कौन सही व कौन गलत, यह बात नेपथ्य में चली गई है, ईरान व इजरायल अपनी नाक ऊंची रखने में एक दूसरे के विनाश की पटकथा लिखने में मशगूल हैं, लेकिन इस युद्ध के बीज में हमास का आतंकवाद ही है। पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने हमास के स्टाइल में ही निहत्थे बेकसूर पर्यटकों को निशाना बनाया। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सिलेक्टिव कार्रवाई की तो स्थिति भारत व पाक के बीच सैन्य संघर्ष तक पहुंच गई। इस सैन्य संघर्ष के मूल में भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद है। संयोग देखिए कि चीन पाकिस्तान के साथ भी खड़ा है और ईरान के साथ भी। जिस आतंकवाद के चलते सैन्य संघर्ष की स्थिति बन रही है, उसके संचालक और प्रायोजक देश के खिलाफ चीन की दोस्ती उसके आतंकवाद पर कथनी व करनी में फर्क को उजागर करती है। चीन वैश्विक मंच से आतंकवाद का पुरजोर विरोध करता है, लेकिन आतंकवाद के प्रायोजक देशों के साथ मददगार के रूप में खड़ा भी रहता है। इसलिए चीनी प्रभुत्व वाले संगठन एससीओ के मंच से आतंकवाद के खतरों और इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को बेनकाब करना जरूरी है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का दो दिवसीय सम्मेलन 25 जून बुधवार से चीन में हो रहा है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की एक बैठक में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया है। भारत का यह आह्वान एससीओ से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग है। भारत, पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा (एलईटी), जैश ए मोहम्मद (जेईएम), अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। पहलगाम आतंकवादी हमले की लश्कर ए तैयबा के एक छद्म संगठन टीआरएफ (द रेजिसटेंस फ्रंट) ने खुद जिम्मेदारी ली थी, इससे पाक का स्पष्ट हाथ साबित हो चुका है। इसके बाद भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई में चीन का खुलकर पाकिस्तान के पक्ष में आना आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज करना है। आतंकवादी बुनियादी ढांचे और उनके आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट किए बिना मध्य पूर्व व दक्षिण एशिया करने में शांति संभव नहीं है। यह बात चीन को भी समझनी होगी। एससीओ की सार्थकता तभी है, जब वह आतंकवाद के सफाये के लिए एकजुट हों। आतंकवाद के समर्थक देशों को बेनकाब कर अलग-थलग करना और दंडित करना जरूरी है। चीन समेत विश्व के प्रमुख देशों में यह समझ जरूरी है, केवल निहित हितों को साधने से विश्व आतंकवाद मुक्त नहीं हो सकता है।

## आपातकाल

डॉ. योगिता राघव




# महिला दमन, प्रतिरोध और सशक्तिकरण की गाथा

आज देश उस काले अध्याय की पचासवीं बरसी पर खड़ा है, जिसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आपातकाल के नाम से जाना जाता है। यह 21 महीने की अवधि न केवल राजनीतिक उथल-पुथल, सेंसरशिप और मौलिक अधिकारों के निलंबन के लिए जानी जाती है, बल्कि इसने भारतीय समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। यह अवधि सिर्फ राजनीतिक दमन की ही नहीं, बल्कि महिलाओं पर हुए अत्याचारों और मानवाधिकार हनन की एक दुखद गाथा भी है। आपातकाल के पचास वर्ष बाद, यह आवश्यक है कि हम इस दौर में महिलाओं की भूमिका और अनुभवों पर एक व्यापक दृष्टि डालें, जो दमन, प्रतिरोध और अंततः सशक्तिकरण की एक जटिल गाथा है। आपातकाल के दौरान, सरकार द्वारा थोपे गए कठोर नियमों का महिलाओं पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजनीतिक विरोधियों की पत्नियों, माताओं और बहनों को अक्सर निशाना बनाया गया, उन्हें बेवजह हिरासत में लिया गया, धमकाया गया और प्रताड़ित किया गया। कई महिला कार्यकर्ताओं, जैसे कि जॉर्ज फर्नांडिस की पत्नी लैला फर्नांडिस, मधु लिमये की पत्नी पुष्पा लिमये को बिना किसी आरोप के जेल में डाल दिया गया। मीसा (आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम) के तहत हजारों गिरफ्तारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्हें अक्सर पुरुष रिश्तेदारों की अनुपस्थिति में घरों से उठा लिया गया था। सेंसरशिप का प्रभाव केवल सूचना तक पहुंच पर ही नहीं पड़ा, बल्कि इसने महिलाओं के दैनिक जीवन को भी प्रभावित किया। प्रेस पर प्रतिबंधों के कारण लैंगिक हिंसा, घरेलू दुर्व्यवहार और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों की रिपोर्टिंग लगभग असंभव हो गई, जिससे वे और भी अधिक असुरक्षित हो गईं। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत थोपी गई नसबंदी के अभियान ने भी महिलाओं को बुरी तरह प्रभावित किया। जहां पुरुषों को जबरन नसबंदी का सामना करना पड़ा, वहीं महिलाओं को भी इस अभियान का शिकार बनाया गया, अक्सर बिना उनकी सहमति के या उन्हें पर्याप्त जानकारी दिए बिना। यह उनके शारीरिक स्वायत्तता का घोर उल्लंघन था। आपातकाल में जिन समुदायों को सबसे ज्यादा दमन झेलना पड़ा, उनमें दलित, आदिवासी और विशेषकर गरीब और हाशिये पर खड़ी महिलाएं भी थीं। पुलिसिया उत्पीड़न, सामूहिक बलात्कार, झूठे केसों में फंसाना और हिरासत में अमानवीय व्यवहार, ये घटनाएं उस दौर के काले सच को बयां करती हैं। हाशिए पर खड़ी इन महिलाओं को न्याय तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं था, क्योंकि न्यायपालिका भी तब सत्ता के आगे झुकी हुई थी। इस दौर में जहां अधिकांश लोग डर और दमन के चलते चुप थे, वहीं कई महिलाओं ने साहसिक नेतृत्व दिखाया। दमन के इस अंधकार में भी प्रतिरोध की मशालें जलीं। महिलाएं भूमिगत आंदोलनों का हिस्सा बनीं, गुप्त बैठकों, साहित्य वितरण और विरोध आयोजनों में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई। कई महिलाएं पत्रकारों और कार्यकर्ताओं के लिए संदेशवाहक बनीं और जोखिम उठाकर लोकतंत्र की लौ जलाए रखी। जेलों के भीतर भी महिलाओं ने प्रतिरोध की भावना बनाए रखी। उन्होंने राजनीतिक कैदियों के अधिकारों के लिए आवाज़ उठाई, भूख हड़ताल की और एकजुटता प्रदर्शित की।

इंदिरा गांधी की नीतियों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज़ों में से कुछ महिलाएं थीं, जिन्होंने खुले तौर पर सरकार की आलोचना की, भले ही उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़े। जेपी आंदोलन में युवा छात्राओं से लेकर गृहिणियों तक की सक्रिय भागीदारी देखी गई। सुचित्रा कृपलानी, अरुणा आसफ अली, उमा भारती, मीनाक्षी मुखर्जी जैसी महिलाएं उस समय सरकार के विरुद्ध स्पष्ट और दृढ़ विरोध की प्रतीक बनीं। समाजसेवी और कार्यकर्ता मृणालिनी साराभाई जैसी कई महिलाओं ने कला और संस्कृति के माध्यम से विरोध व्यक्त किया और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। यह अनुभव बताता है कि जब लोकतंत्र खतरे में होता है, तब महिलाएं सिर्फ पीड़िता नहीं होतीं, वे संघर्ष की अग्रिम पंक्ति में होती हैं। यह वह दौर था जिसने भारतीय महिलाओं को न केवल अपनी आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया, बल्कि उन्हें एक ऐसे भविष्य की ओर धकेला जहां वे अपने अधिकारों के लिए लड़ सकें और समाज में अपनी जगह बना सकें। आज, जब हम लोकतंत्र के 75 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि महिलाओं की स्वतंत्रता और समान भागीदारी के बिना कोई लोकतंत्र पूर्ण नहीं हो सकता। आपातकाल की स्मृति हमें इसी सच्चाई की याद दिलाती है।

(लेखिका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गुरुग्राम अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
## दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

# बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्या यही है भारत की वास्तविकता?

अमेरिका के विदेश विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि भारत में बढ़ते अपराध व विशेषकर बलात्कार की घटनाओं को देखते हुए अमेरिका की महिलाएं अकेले यात्रा न करें। वास्तव में देखा जाए तो यह खबर समूचे भारत के लिए शर्मसार करने के साथ चिंताजनक है। अमेरिका की नजर में भारत अपराधों व बलात्कारियों का देश है। अपराधी व बलात्कारी को कानून व सजा का कोई खौफ नहीं है। ऐसे प्रकरणों में गुनाहगार को समय-सीमा में कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलना भी अपराधियों के हौसले बुलंद करने वाला है। बढ़ते अपराध व बलात्कार के कारण देश का नाम व छवि खराब हो रही है। सोचने वाली बात है कि जिस देश में कन्याओं की पूजा की जाती है, उसी देश में कन्याएं व महिलाएं असुरक्षित क्यों हैं? *-विजय सक्सेना, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# खाड़ी देशों में पहली बार ओमान लगाएगा इनकम टैक्स


ओमान ने एक बड़ा ऐलान किया है। वह खाड़ी देशों के समूह (जीसीसी) में पहला ऐसा देश बन गया है, जो नागरिकों पर इनकम टैक्स लगाएगा। यह फैसला 23 जून 2025 को रॉयल डिक्री यानी शाही फरमान के जरिए जारी किया गया। नया टैक्स साल 2028 से लागू होगा और सिर्फ उन लोगों को देना होगा, जो सालाना 1.09 लाख डॉलर (करीब 9 करोड़ रुपये) से ज्यादा कमाते हैं। ये ओमान के टॉप 1% अमीर लोग होंगे। ओमान की अर्थव्यवस्था आज भी तेल और गैस पर निर्भर है। देश की 85% सरकारी आमदनी सिर्फ इन्हीं से आती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम घटने-बढ़ने से ओमान की अर्थव्यवस्था हिल जाती है। इस निर्भरता को कम करने के लिए ओमान ने यह कदम उठाया है। अर्थव्यवस्था मंत्री सईद बिन मोहम्मद अल-सकरी के मुताबिक, यह टैक्स 'तेल से होने वाली आमदनी के बदले एक नया स्रोत बनेगा और देश को तेल बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाएगा'। टैक्स के नियम कुछ इस तरह बनाए गए हैं कि आम लोगों पर बोझ न पड़े। शिक्षा, स्वास्थ्य, दान, जकात (धार्मिक कर) और पहला घर खरीदने जैसे खर्चों पर टैक्स में छूट मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे सामाजिक स्थिरता बनी रहेगी और लोगों की जिंदगी पर असर नहीं पड़ेगा।




## ऑफ बीट

# कुछ लोग गति रोग से क्यों पीड़ित होते हैं

कारें भले ही आधुनिक जमाने की हों, लेकिन गति रोग (मोशन सिकनेस) नया नहीं है। 2,000 साल से भी ज़्यादा वक्त पहले, चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स ने लिखा था, समुद्र में नौकायन से यह साबित होता है कि गति शरीर में विकार लाती है। चाहे आप नौका, कार, हवाई जहाज में हों या रोलरकोस्टर की सवारी कर रहे हों, गति रोग (जिसे यात्रा संबंधी बीमारी या समुद्री बीमारी भी कहा जाता है) से आपको उबकाई, उल्टी, पसीना आना, पीलापन, मतली, चक्कर और थकान महसूस हो सकती है। कुछ लोगों को टेलीविज़न शो में चक्कर आने वाले दृश्य देखना या चलने के बारे में सोचना चक्कर आने जैसा महसूस हो सकता है। वीडियो गेम खेलना या 'वर्चुअल रियलिटी हेडसेट' का उपयोग करना भी गति रोग का कारण बन सकता है। इस मामले में, इसे साइबरसिकनेस कहा जाता है। लेकिन ऐसा क्यों होता है? और इसका असर हर किसी पर क्यों नहीं पड़ता? गति रोग असली गति या महसूस की गई काल्पनिक गति की प्रतिक्रिया में हो सकता है।हम गति रोग(मोशन सिकनेस) के पीछे के वास्तविक तंत्र को नहीं समझ पाए हैं, हालांकि इसके बारे में विभिन्न परिकल्पनाएं हैं।



## ट्रेंड

### स्थायी विकास की नींव

हम पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित शासन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आंध्र प्रदेश के लोगों के समर्थन से, हमने अतीत के नुकसान को कम करना शुरू कर दिया है और वास्तविक, स्थायी विकास की नींव रखी है।


**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**



### प्रगति की समीक्षा

'लहुरी काशी" गाजीपुर के विकास को आधुनिक अधोसंरचना, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, कृषि-निर्यात हब, औद्योगिक इकाइयों और गंगा तट पर्यटन से नई ऊर्जा मिल रही है। आज जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

**-योगी आदित्यनाथ्य, सीएम, उप्र**



### डिजिटल मतदाता सूची

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के अपने निर्वाचन क्षेत्र में, मतदाता सूची में केवल 5 महीनों में 8% की वृद्धि हुई। हम मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग करते हैं।


**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**



### सुंदर वादियां

खुशनुमा मौसम के साथ प्रकृति की सुंदरता का करीब से दीदार करना चाहते हो तो सराज की जंजैहली घाटी अवश्य पधारें। इन दिनों यहां पर्यटकों की काफी आवाजाही बढ़ गई है। जंजैहली से अन्य सुंदर वादियों के लिए भी मार्ग जाते हैं।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# शहादत दिवस पर वीरांगना को दी पुष्पाजंलि

जबलपुर।

वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वां बलिदान दिवस पर ग्राम बारहा स्थित समाधि स्थल पर पुलिस बैण्ड और सलामी दल की मौजूदगी में नगर निगम द्वारा मित्रसंघ तथा मिलन संस्था की रानी दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान समिति एवं खेल संघों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर राष्ट्र रक्षा के लिये दी गई उनकी शहादत को गर्व से याद किया गया।

### आदिवासी शबरी महासंघ

अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ ने भंवर ताल गार्डन स्थित आदिवासी वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं नमन किया। माल्यार्पण कार्यक्रम में कौशल्या गोटियां पूर्व मंत्री, रोशन लाल कोल, भैया लाल गोटियां, मगन सींग भूमिया, अशोक गोटियां , जित्तू गोटियां, गणेश कोल आदि उपस्थित थे।

### सर्व जनजाति सेना

भारतीय सर्व जनजाति सेना के तत्वाधान में भंवरताल पार्क स्थित गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती का 462वां बलिदान दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की, जिसमें भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार कुलस्ते, राष्ट्रीय महासचिव शैलेष सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनराज सिंह पुसाम, रवि सिंह राजगोंड, जगत सिंह परस्ते, घनश्याम यादव, विनोद गोटिया, दस्सी सैयाम, रामकुमार सैयाम, मानकी उईके, संध्या बरकड़े, पवन भवेदिया, प्रशांत भवेदिया, अर्जुन बरकड़े, प्रमोद पन्द्रे, अशोक नरैती, सतीश कुलस्ते, हिमसागर मरकाम, हेमंत ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने समाधि में माला माल्यार्पण किया, कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सखावत खान, आर्यन चौधरी, सचिन यादव, श्रेयांश त्रिपाठी, साहिल चौधरी, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।





# गंगा जल संवर्धन अभियान में सीएमओ स्नेहा मिश्रा को मिली प्रशंसा

**कटंगी।** गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत कटंगी नगर परिषद के नवाचार की नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री संकेत भोंडवे द्वारा तारीफ की गई है, विदित होवे कि सी एम ओ स्नेहा मिश्रा, अध्यक्ष श्री अमिताप साहू और नगर परिषद के सामूहिक प्रयास से 125 वर्ष पुरानी बावड़ी का कायाकल्प हो गया है, नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री संकेत भोंडवे द्वारा दिनांक 23.06.2025 को जबलपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी जिसमें नगर परिषद कटंगी द्वारा बावड़ी कायाकल्प के वीडियो को दिखाया गया, सी एम ओ स्नेहा मिश्रा के द्वारा बावड़ी पुनः सौंदर्यीकरण के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई आयुक्त श्री भोंडवे, अपर आयुक्त श्री परीक्षित झाड़े द्वारा इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए अन्य निकायों को भी प्रेरणा लेने के लिए कहा गया। समीक्षा बैठक में आयुक्त, अपर आयुक्त, ई.एन.सी.श्री मिश्रा, नगर निगम कमिश्नर, संयुक्त संचालक एवं जबलपुर संभाग के समस्त सी एम ओ, इंजीनियर उपस्थित थे।

# रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर लगाया गया नेत्र शिविर

जबलपुर।

रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर रानी दुर्गावती शोध संस्थान एवं सक्षम के संयुक्त तत्वावधान में बलिदान स्थल नरई नाले पर रानी दुर्गावती को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रानी दुर्गावती शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ पवन स्थापक ने रानी दुर्गावती के जीवनी पर प्रकाश डाला।




तत्पश्चात बलिदान दिवस के अवसर पर नेत्र शिविर का आयोजन कृष्णा किड्स पब्लिक स्कूल, समाधी रोड, गौर तिराहा पर आयोजित हुआ।

डॉ स्थापक ने बताया कि शिविर में लगभग 210 मरीजों का नेत्र परिक्षण हुआ जिसमे से 35 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हुआ। चयनित मरीजों को देवजी नेत्रालय ले जाया गया जहां उनका निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जायेगा।

शिविर में सक्षम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश अँधारे एवं विनोद कुमार की उपस्तिथि रही।

शिविर को सफल बनाने में अखिलेश यादव,ओम दुबे, नरेंद्र मालवीय,अनुराग दुबे, आशीष परेतकर का सहयोग रहा।

# कृषि विवि में खरीफ फसलों के 16 प्रकार के जैव उर्वरक उपलब्ध

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग द्वारा कृषकों हेतु विभिन्न खरीफ फसलों के लिये गुणवत्तायुक्त जैव उर्वरक उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं, जो कि जैविक कृषि के प्रमुख आदान के रूप सर्वोत्तम सिद्ध हो रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा फसलों में उपयोग हेतु सूक्ष्मजीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा 16 प्रकार के उच्च गुणवत्ता के जैव उर्वरकों को विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के दीक्षित के कुशल नेतृत्व एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. वाय.एम. शर्मा की देखरेख में वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किये जा रहे हैं। जैविक उत्पादों के उपयोग से फसलोंत्पादन में वृद्धि के साथ ही मृदा का स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार होता हैं। केन्द्र द्वारा विविध फसलों हेतु उत्पादित 16 प्रकार के प्रमुख जवाहर जैवउर्वरक में जवाहर राईजोबियम, जवाहर एजोटोबेक्टर, जवाहर एजोस्पिरिलम, जवाहर एसीटोबेक्टर, जवाहर माईकोराइजा, जवाहर पोटाश घोलक जीवाणु (के.एस.बी.), जवाहर नीलरहित काई (बी.जी.ए.) कल्चर, जवाहर फॉस्फेट घोलक जीवाणु (पी.एस.बी), जवाहर जिंक घोलक, जीवाणु (जेड.एस.बी.), जवाहर स्यूडोमोनास, जवाहर ई.एम. कल्चर, जवाहर बॉयोफर्टिसॉल, जवाहर बैक्टोबूस्टर, जवाहर ट्राईकोडर्मा, जवाहर विघटक-1, जवाहर जैव विघटक-2, उत्पादों की श्रृखला कृषकों हेतु कम लागत व गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध हैं। इन उत्पादों का कृषक भाई अपने खेतों में खरीफ की विभिन्न प्रकार की फसलों में किचिन गार्डन, टैरेस गार्डन, फलोद्यान व फूलों की खेती में उपयोग कर उत्पादकता के साथ भूमि की उर्वरता में सकारात्मक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जैव उर्वरकों का सही मात्रा में फसल विशेष के उपयोग हेतु जानकारी के लिये केन्द्र के प्रमुख डॉ. वाई.एम. शर्मा, वरिष्ट वैज्ञानिक मो.नं. 8989445355 एवं डॉ. बी.एस. द्विवेदी (वैज्ञानिक) सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, मो.नं. 7987072031 जवाहर जैव उर्वरक केन्द्र में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



## दुबई में चमकी जबलपुर की सोनाली बुधरानी




**जबलपुर।** दुबई में आयोजित हॉटमॉंड मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड 2025 के फाइनल राउंड में जबलपुर की बेटी सोनाली बुधरानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो खास खिताब अपने नाम किए। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर सोनाली ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और गरिमा के साथ देश का प्रतिनिधित्व किया और सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। सोनाली का जन्म और पालन-पोषण जबलपुर में हुआ। वह श्री सुधीर बुधरानी एवं श्रीमती कोमल बुधरानी की सुपुत्री हैं। उन्होंने जबलपुर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर नरसी मोंजी कॉलेज से एमबीए की डिग्री प्राप्त की।वर्तमान में सोनाली एक प्रोफेशनल लाइफ कोच हैं। सोनाली की यह उपलब्धि न सिर्फ जबलपुर या उनके परिवार, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण है। वह आज की नारी के लिए प्रेरणा हैं — जो शिक्षा, करियर और आत्म-निर्भरता का सुंदर संगम हैं।

## चाय संग संवाद में एम.डी. इंजी. सुनील तिवारी

# आउटसोर्स कर्मी एम.पी. ट्रांसको के अभिन्न अंग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने मुख्यालय जबलपुर में आउटसोर्स कर्मियों के साथ सीधा संवाद किया। दो सत्रों में हुई इस बेहद उपयोगी चर्चा में करीब 140 आउटसोर्स कर्मी शामिल हुए। प्रबंध संचालक ने चाय के साथ कर्मियों से बातचीत कर उनके अनुभव, समस्याएं और सुझाव गंभीरता से सुना। संवाद का माहौल पूरे समय सहज, सकारात्मक और विकासोन्मुखी रहा। चाय के साथ हुई यह चर्चा कर्मियों के मन की बात जानने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### प्रशिक्षण और डिजिटल दक्षता की जरूरत

कर्मियों ने संवाद के दौरान प्रशिक्षण, स्किल डेवलपमेंट और ई-ऑफिस की कार्यशैली सीखने की इच्छा जताई। प्रबंध संचालक ने इन सुझावों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन्हें अमल में लाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कर्मियों से ई.आर.पी. सिस्टम में दक्ष बनने का आग्रह भी किया ताकि वे डिजिटल युग की चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मी एम.पी. ट्रांसको के अभिन्न अंग हैं और उनकी भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी नियमित और संविदा कर्मियों की। प्रबंध संचालक ने कहा कि कई आउटसोर्स कर्मी अपने काम में दक्ष हैं, लेकिन आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में बहुआयामी कौशल सीखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कर्मियों से सतत सीखने और कार्य में निपुणता बढ़ाने का आह्वान किया।

# केवल पुष्पांजलि से नहीं होगा रानी दुर्गावती का सम्मानः जायसवाल

जबलपुर।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक महत्वपूर्ण बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का असली सम्मान केवल माल्यार्पण या पुष्पांजलि अर्पित करने से नहीं होगा, बल्कि जबलपुर एयरपोर्ट का नाम 'रानी दुर्गावती अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' रखे जाने से उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सही पहचान मिलेगी।



प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी मांग की कि मदन महल रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद राजा रघुनाथ शाह के नाम पर किया जाए, जिससे अमर शहीदों को उनका उचित गौरव प्राप्त हो सके, साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि जबलपुर में बनने वाला प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर ब्रिज'राजाशंकर शाह के नाम से पर रखा जाए, ताकि स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले महान बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जदयू प्रदेश विधि प्रकोष्ठ महासचिव एडवोकेट राम गिरीश वर्मा इमाम खान उदय पाटील नितेश सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसपी ने की जन सुनवाई

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान करीब 53 शिकायतें आई। जो शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की थी। अधिकांश शिकायतें पति-पत्नी, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित थी। एसपी ने सभी शिकायतों पर समय सीमा में वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि। मैं अंकित मालखेड़े पिता गणेश कुमार मालखेड़े निवासी:- 1584, यादव कॉलोनी, गढ़ा पुरवा, वॉर्ड नं. 21, स्वामी विवेकानंद वार्ड, जिला जबलपुर (म.प्र.)। मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम अंकित मालखेड़े पिता गणेश कुमार मालखेड़े (Ankit Malkhede) पिता गणेश कुमार मालखेड़े (Ganesh Kumar Malkhede) दर्ज है। शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम अलग-अलग दर्ज हो गया है। अंकित कुमार मालखेड़े (Ankit Kumar Malkhede) एवं पिता का नाम गणेश मालखेड़े (Ganesh Malkhede) दर्ज है। जो कि गलत है। सही नाम अंकित मालखेड़े पिता गणेश कुमार मालखेड़े है। अतः भविष्य इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

**नाम सुधार सूचना**

मै, लक्ष्मण सिंह लोधी पिता श्री मुलाम सिंह लोधी, जन्म तिथि 05.11.1979, उम्र 44 वर्ष 45 निवासी ग्राम परसवाड़ा, पोस्ट राखीभैसा, थाना थेमी, तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर म.प्र. वर्तमान पता- एफ-123, वत्सला पैराडाईस, शिवनगर, जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हू कि मेरा मूल नाम लक्ष्मण सिंह लोधी जो शैक्षणिक, शासकीय एवं समस्त दस्तावेजो में दर्ज है, एवं मुझे सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से भी जाना एवं पहचाना जाता है अतः मैने अपने मूल नाम में संशोधन कर लिया है। और अब से मुझे मेरे समस्त दस्तावेजों में सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। अतः मुझे अब से सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से ही सम्बोधित किया जावे।

**पूर्व नाम-लक्ष्मण सिंह लोधी**
**वर्तमान नाम-सत्येन्द्र सिंह लोधी**

## कांग्रेसियों ने किया नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का स्वागत



**कटंगी।** नगर में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का अल्प प्रवास हुआ, जिसमें नगर के कांग्रेसियों द्वारा बस स्टैंड कटंगी में उमंग सिंगार का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया, साथ में पूर्व विधायक संजय यादव का भी स्वागत किया गया। वहीं नगर के प्रसिद्ध पुरानी रसगुल्ला की दुकान पर पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष द्वारा रसगुल्ले का स्वाद लिया गया इस दौरान बड़े ही सहज भाव से सभी से मिले तथा रसगुल्ले के स्वाद के साथ प्रसिद्ध दुकान कब से है और यह कैसे बनता है के बारे मे भी जानकारी ली। इस दौरान कांग्रेस के ठाकुर नेकनारायन सिंह,बल्ला महाराज, मकसूद खान, सुरेंद्र शुक्ला, प्रमोद जैन, ललित सोनी, महेंद्र नेमा, मन्नू खान, सत्यम नेमा, रमन सेन, सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पैकिंग वस्तुओं में वज़न सुनिश्चित हो

### भारत सरकार को कैट ने लिखा पत्र

**जबलपुर।** देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स (कैट) टीम ने कहा है कि बड़ी कम्पनियां पैकिंग में वजन निर्धारित न होने के कारण मनमानी पैकिंग कर रेट का खेल रही है। कैट के प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी ने बताया कि खाद्य व तेल व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि कम्पनियां अपने हिसाब से मनमानी पैकिंग करके कंज्यूमर को भ्रमित कर रही है। व्यापारियों का कहना है कि तेल के किलो का पाउच धीरे धीरे 770 ग्राम का हो गया है तो पोहा के पैकेट कोई 900 ग्राम तो कोई 800 ग्राम का हो गया है। टीम कैट सतना ने व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं को भारत सरकार को पत्र लिखकर इस पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। यही हाल बिस्कुट/ साबुन सहित अन्य अन्य खाद्य पैकिंग वस्तुओं का है। दुकानदारों की मानें तो अलग अलग कम्पनियां का अलग अलग वज़न होने के कारण इसके कंज्यूमर को उत्पाद के सही वज़न व भाव का पता ही नहीं चलता कि बाजार भाव क्या है। दुकानदारों का कहना है सरकार को चाहिए कि कम्पनियां एक वजन सुनिश्चित करें ताकि कन्ज्यूम को ज्ञात हो कि कितने वजन का सामान खरीद रहा है। देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स (कैट) सतना के व्यापारियों ने राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद नई दिल्ली प्रवीण खण्डेलवाल को एक पत्र लिखकर जो लोकसभा उपभोक्ता समिति के सदस्य भी हैं के माध्यम से भारत सरकार से मांग की है कि खाद्य पदार्थ व तेल व्यवसाय से जुड़े पदार्थ विशेषकर पैकिंग पर वजन सुनिश्चित करें ताकि कन्ज्यूम कीमत व वजन से अवगत हो।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/60
दिनांक:- 24/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति विजया चंद्रकांत देसाई पति स्व. श्री चंद्रकांत विनायक देसाई ने मकान नं. 214 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 4614 व.फु. प्रथम तल 2545 व.फु. शपथपत्र /मृत्यु प्रमाणपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/61
दिनांक:- 24/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अंकित अग्रवाल पिता श्री हजारी लाल अग्रवाल (2) श्रीमति रीमा अग्रवाल पति श्री अंकित अग्रवाल ने मकान नं. 341 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 2190 व.फु. भूतल, 941+740+834 व.फु., प्रथमतल 345 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/63
दिनांक:- 24/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अंकित अग्रवाल पिता श्री हजारी लाल अग्रवाल (2) श्रीमति रीमा अग्रवाल पति श्री अंकित अग्रवाल ने मकान नं. 341 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 2190 व.फु. भूतल, 1201+512 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/62
दिनांक:- 24/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अंकित अग्रवाल पिता श्री हजारी लाल अग्रवाल (2) श्रीमति रीमा अग्रवाल पति श्री अंकित अग्रवाल ने मकान नं. 341 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 2190 व.फु. भूतल, 311+895 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# बाढ़ से निपटने ब्रिटिश कंपनी के 25-25 लाख में मोटर पंप खरीदी, 7 साल से इस्तेमाल नहीं, अब बनाने में लाखों खर्च

**हरिभूमि न्यूज/ रायपुर।** राजधानी रायपुर में भीषण आगजनी तथा बारिश के दिनों में बाढ़ एवं जलभराव जैसी गंभीर स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने सात साल पहले ब्रिटिश गोडिया कंपनी के दो हाईपॉवर मोटर पंपों को क्रय किया था। ये दोनों पंप को 25-25 लाख कुल 50 लाख रुपए में क्रय किया था। इन पंपों को क्रय किए जाने के बाद इसका इस्तेमाल मात्र एक बार ट्रायल के रूप में किया गया था। इसके बाद से दोनों मोटर पंप दमकल विभाग के कार्यालय में बिना उपयोग के डंप पड़े हुए हैं, जिसके कारण इन दोनों पंप में तकनीकी खराबी आ गई है, जिसके कारण अब संकट की स्थिति में इसका उपयोग भी नहीं किया जा सकेगा, क्योंकि इन मोटर पंपों को ठीक कराने में ही लाखों रुपए खर्च होंगे। इसे देखते हुए विभाग की ओर से भी इसे सुधारने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।

### गंभीर स्थिति बनी तो निपटना आसान नहीं होगा

बारिश के दिनों में अगर जिले में शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं बाढ़ की स्थिति बनती है तो इससे निपटना आसान नहीं होगा। ब्रिटिश कंपनी के दोनों मोटर पंप खराब पड़े हुए हैं। बताया गया कि पंप की एक मिनट में 1700 लीटर पानी निकालने की क्षमता है, जिससे जलभराव या बाढ़ का पानी बहुत तेजी से कम समय में निकाला जा सकता है।



**उठाने में दिक्कत, इसलिए इसे ठीक कराने में अधिकारी-कर्मचारियों की भी रुचि नहीं**

गोडिवा कंपनी के मोटर पंप काफी वजनदार हैं, जिसके कारण इसे उठाना आसान नहीं है। इस पंप का वजन 128 किलोग्राम है, जिसके कारण चार लोग मिलकर इसे उठा पाते हैं। पंप के वजन के कारण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी इस पंप को बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं, हालांकि इसे सुधारने में लगभग 5 लाख रुपए खर्च आना है। इस कारण से भी पंप को सुधारने के लिए प्रस्ताव नहीं भेजा जा रहा है।

### 2017 में खरीदी हुई थी तब से उपयोग नहीं

ब्रिटिश कंपनी के दोनों मोटर पंप को नगर निगम प्रशासन ने वर्ष 2017 में क्रय किया था। इसके बाद से दोनों पंप विभाग में बगैर इस्तेमाल के रखे हुए हैं। उपयोग नहीं होने के कारण पंप खराब हो चुके हैं, जिसे सुधारने में लाखों रुपए लग जाएंगे, इसलिए शायद पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो पाया था।

- जीतेंद्र यादव
मोटर वर्कशॉप प्रभारी, टिकरापारा

### बारिश में शहर से लगे ग्रामों में बन चुकी है बाढ़ की स्थिति

जून का महीना खत्म होने जा रहा है। सप्ताहभर में जुलाई शुरू हो जाएगा। इस सप्ताहभर में मौसम वैज्ञानिकों ने मानसून के आगमन की संभावना भी जताई। ऐसे में भारी बारिश होने से शहर के अलावा कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलभराव के साथ कहीं-कहीं बाढ़ जैसे हालात भी बनते हैं। पिछले वर्ष शहर से 15 किलोमीटर दूर सेजबहार गांव में बाढ़ की स्थिति बनी थी, जिसके कारण बारिश का पानी घरों के अंदर तक भर गया था। इस दौरान कई परिवार बाढ़ के पानी में घर में फंस गए थे, जिन्हें निकालने के लिए एसडीआरएफ को यहां रेस्क्यू अभियान चलाना पड़ा था। यहां तक बाढ़ का पानी कम होने तक प्रभावित परिवारों को दो दिन तक शिविरों में भी रखा गया था।

## एयरटेल ने की ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 40 लाख यूजर्स को सुरक्षा प्रदान

**भोपाल।** टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी के ख़िलाफ उल्लेखनीय प्रगति की घोषणा की है। देशभर में एआई-आधारित फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम के लांच के तहत एयरटेल ने मध्य प्रदेश में मात्र 41 दिनों के भीतर 40 लाख से अधिक यूजर्स को सफलतापूर्वक ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाया है।



मध्य प्रदेश में ए साई मनोहर (आईपीएस), एडीजीपी, राज्य साइबर मुख्यालय, भोपाल (एमपी), यूसुफ कुरैशी (आईपीएस), डीआईजी, प्रणय नागवंशी, एसपी और सारिका शुक्ला, एआईजी एडमिन, राज्य साइबर मुख्यालय, भोपाल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने और राज्य के डिजिटल सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करने के लिए भारती एयरटेल के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईओ रितेश अग्रवाल से मुलाकात की। कंपनी के अनुसार यह अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए ऑटोमैटिक रूप से एक्टिवेट होती है। यह एसएमएस, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और अन्य ब्राउजर्स पर भेजे गए लिंक को स्कैन और फ़िल्टर करती है। यह तकनीक रियल टाइम थ्रेट इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करती है और रोजाना 1 अरब से ज़्यादा यूआरएल का विश्लेषण करती है। किसी भी खतरनाक साइट पर पहुंचने से पहले यह सिस्टम महज 100 मिलीसेकंड में उसे ब्लॉक कर देता है।

## पूर्व तट रेलवे ने सतर्कता के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों को किया सम्मानित

**भुवनेश्वर।** ड्यूटी पर उत्कृष्ट समर्पण और सतर्कता को मान्यता देते हुए, पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) के महाप्रबंधकपरमेश्वर फुंकवाल ने ड्यूटी के दौरान अनुकरणीय सेवा प्रदर्शन और सतर्कता के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया।



सम्मानित रेलवे कर्मचारियों में लक्ष्मीपुर के स्टेशन प्रबंधक उत्तम कुमार, सिम्हाचलम उत्तर के वरिष्ठ मालगाड़ी प्रबंधक पोडिलापु गौरी शंकर और रहमा के ट्रैक मेंटेनर-III मनोज कुमार हंसदा शामिल हैं, जिनकी त्वरित सोच और सक्रिय कार्यों के लिए सराहना की गई, जिससे उनकी देखरेख में ट्रेनों का सुचारू और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हुआ। नियमित ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्क प्रतिक्रिया ने न केवल संभावित परिचालन व्यवधानों को रोका, बल्कि सुरक्षा के उच्च मानकों को भी सुदृढ़ किया। फुंकवाल ने क्षेत्र में काम करने वाले रेलवे कर्मियों की प्रतिबद्धता और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहाकि हमारे फ्रंटलाइन कर्मचारी जिसमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, तकनीशियन और स्टेशन प्रबंधक शामिल हैं हमारे दैनिक संचालन की रीढ़ हैं। उनकी सतर्कता और समर्पण ही हमारे नेटवर्क को कुशलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से चालू रखता है। पूर्व तट रेलवे सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना जारी रखता है, तथा जनता की सेवा में अपनी क्षमता से अधिक योगदान देने वाले व्यक्तियों को मान्यता देता है।

## मंडियों में मूंग खरीदी के लिए सक्रिय हुए व्यापारी

# मूंग उपार्जन घोषणा से 1000 बढ़े मूंग के भाव में आई फिर 500 रुपए की गिरावट

### *भोपाल जिले में अभी तक 550 से अधिक किसानों का पंजीयन*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित राजधानी भोपाल में मूंग की खरीदी शुरू होने से पहले मंडियों में व्यापारियों की सक्रियता बढ़ गई है। मूंग के भाव में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। घोषणा के बाद कुछ समय के लिए मूंग के भाव में 1000 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई थी, लेकिन बाद में 500 रुपए की गिरावट आई है। यह उतार-चढ़ाव बाजार की स्थितियों और अन्य कारकों पर निर्भर करता है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार 19 जून से पंजीयन शुरू है जो 5 जुलाई तक जारी रहेगा। भोपाल जिले में अभी तक 550 से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन पोर्टल पर दर्ज कराया है।

स्थानीय करोंद मंडी स्थित अनाज व्यापारी और भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन और अनाज, दलहन- तिलहन व्यापारी संघ सिरोंज मंडी के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि मूंग की सरकारी खरीदी 7 जुलाई से शुरू होंगे की संभावना है। फिलहाल मूंग उत्पादक किसानों का रजिस्ट्रेशन चल रहा है जो 5 जुलाई तक जारी रहेगा। वहीं मंडियों बढ़ी हुई आवक, सरकारी नीतियां के चलते फिलहाल मूंग के बढ़े भाव में गिरावट दर्ज हुई है।



### *मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रुपए प्रति क्विंटल*

*अनाज कारोबारी समीर भार्गव के अनुसार सरकार ने एमएसपी भाव 8682 रुपए प्रति क्विंटल पर मूंग की खरीदी की घोषणा जरूर की है, लेकिन वास्तविक खरीदी सीमित मात्रा में ही हो रही है, जबकि केंद्रीय पूल से मूंग की बिकवाली जारी है। आगामी दिनों में मूंग की आवक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भावों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। कुल मिलाकर, मूंग और मसूर दोनों में इस समय संतुलित मांग और स्थिर भावों की स्थिति दिख रही है, जहां बड़ी तेजी या गिरावट के संकेत फिलहाल नहीं हैं।*

### 21 लाख टन मूंग उत्पादन का अनुमान

मध्यप्रदेश के 36 जिलों में मूंग की बुवाई होती है, जिसका अनुमानित रकबा लगभग 14.35 लाख हेक्टेयर है और इससे 21 लाख टन मूंग उत्पादन की संभावना है। वहीं उड़द की खेती राज्य के 13 जिलों में की जाती है, जिसका कुल रकबा करीब 0.95 लाख हेक्टेयर और अनुमानित उत्पादन 1.24 लाख टन है।

### निजी व्यापारी मूंग खरीदी में सक्रिय

सरकारी खरीदी की घोषणा होते ही निजी व्यापारी भी मूंग खरीदी में सक्रिय हो गए हैं, जिससे मूंग के दाम 7,000 से 7,500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए। जबकि कुछ दिन पहले तक किसान 6,000से 6500 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम रेट पर मूंग बेचने को मजबूर हैं। आरोप हैं कि कई व्यापारी किसानों के नाम पर पंजीकरण करवा लेते हैं और सस्ते में मूंग खरीदकर एमएसपी पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं। इसके अलावा मूंग में मिट्टी आदि की मिलावट कर सरकारी खरीदी एजेंसियों को नुकसान पहुंचाते हैं। पिछले साल भी ऐसी ही गड़बड़ियां सामने आई थीं, जिससे सरकार को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

### *केंद्र ने मप्र में मूंग और उड़द खरीदी के प्रस्ताव लगाई मुहर*

*केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को मध्यप्रदेश में मूंग और उड़द की खरीदी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। साथ ही उन्होंने खरीद से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ बातचीत की और नेफेड, एनसीसीएफ और राज्य के संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।*

## इंडिगो एअरलाइंस की घटना, आरोप- जातिसूचक गाली दी

# ट्रेनी पायलट को कहा-तू चप्पल सिल, प्लेन उड़ाने के लायक नहीं, कैप्टन समेत तीन पर एफआईआर

### पुलिस बोली- होगी पूछताछ

थाना के निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार को संबंधित लोगों को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा। मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन पर आरोप लगाए गए हैं, वह इंडिगो में सीनियर पद पर कार्यरत हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों पर एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1) (आर), 3(1) (एस) के तहत केस दर्ज किया गया है।




**इंडिगो ने आरोपों को किया खारिज :** इंडिगो ने आरोपों को खारिज कर दिया है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, इंडिगो किसी भी तरह के भेदभाव, उत्पीड़न या पक्षपात के प्रति जीरो-टॉलरेंस की पॉलिसी पर कायम है। एक समावेशी और सम्मानजनक वर्कप्लेस होने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो फ्लाइट के ट्रेनी पायलट शरण ए. ने तीन वरिष्ठ अधिकारियों पर जातिवाद का आरोप लगाया है। पायलट ने कहा कि उन्होंने उससे कहा कि वह विमान उड़ाने के लिए फिट नहीं है। इसके बजाय उसे जूते सिलने चाहिए। ये पायलट एससी कैटेगरी से ताल्लुक रखता है। इस मामले पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इंडिगो के अधिकारियों तपस डे, मनीष साहनी और कैप्टन राहुल पाटिल के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने सबसे पहले बेंगलुरु में पुलिस से संपर्क किया।

### पायलट ने अपनी शिकायत में क्या-क्या आरोप लगाए?

ट्रेनी पायलट ने शिकायत में 28 अप्रैल को इंडिगो के गुरुग्राम ऑफिस में हुई मीटिंग का हवाला दिया। 30 मिनट की मीटिंग के दौरान तीनों अफसरों ने जातिवादी गालियां दीं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा, 'तुम विमान उड़ाने के लायक नहीं हो, वापस जाओ और चप्पल सिलवाओ। तुम यहां चौकीदार बनने के भी लायक नहीं हो।' ट्रेनी पायलट ने कहा है कि उत्पीड़न का उद्देश्य उसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर करना था।

वहां पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की। यह एफआईआर अब गुरुग्राम भेज दी गई है, जहां इंडिगो का हेडक्वार्टर है।

## बैरिस्टर बाबू में अनिरुद्ध का किरदार निभा रहे प्रविष्ट

**जबलपुर।** कलर्स रिश्ते पर बैरिस्टर बाबू में टेलीविजन का वह अध्याय फिर से शुरू हो रहा है, जिसने रूढ़िवादी परंपराओं पर सवाल उठाते हुए शिक्षा व जागरुकता की मदद से सशक्तीकरण को पुनः परिभाषित किया था। आजादी से पहले के बंगाल की पृष्ठभूमि में स्थित इस शो में अनिरुद्ध रॉय चौधरी का जीवन दिखाया गया है। वो लंदन से लौटे एक बैरिस्टर हैं, जो रूढ़िवादी परंपराओं को चुनौती देते हैं।



उनके जीवन में यह मोड़ एक 8 साल की बच्ची बोंदिता से उनके विवाह के बाद आता है। उनके सहयोग से बोंदिता सामाजिक बुराईयों पर सवाल उठाती है और खुद एक बैरिस्टर बनती है। कलर्स रिश्ते का यह शो अब डीडी फ्री डिश के माध्यम से और ज्यादा दर्शकों तक पहुँच रहा है। इसके मुख्य अभिनेता, प्रविष्ट मिश्रा ने बताया कि बैरिस्टर बाबू का किरदार उनके दिल के काफी करीब है।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

**अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी का दावा**

# अंतरिक्ष से दिखने लगा भारत में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा मार्ग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी मंगलवार को सालाना आम बैठक के दौरान एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अडाणी ग्रीन एनर्जी भारत के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बना रही है। यह प्रोजेक्ट इतना बड़ा है कि इसे अंतरिक्ष से भी देखा जा सकेगा। चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि 2030 तक 100 गिगावॉट का लक्ष्य रखा गया है।

वहीं अडानी ने इस दौरान मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत आज बिल्कुल शांति के साथ अलग खड़ा है। उद्योगपति गौतम अडाणी ने कहा कि जब हौसला हो तो फिर फासला क्या है। उन्होंने एक प्रचलित मुहावरा सुनाते हुए कहा कि लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती। पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम की घटना के बाद भारतीय सेना की तरफ से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने भारतीय जवानों की भी तारीफ की है।



### एक पल में इतने सारे सपने खामोश हो गए

अडाणी ने कहाकि एयर इंडिया फ्लाइट 171 की दुखद दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए शोक में भी सिर झुकाते हैं। एक पल में इतने सारे सपने खामोश हो गए। इतने सारे परिवार हमेशा के लिए बदल गए। इसलिए हम अपनी कृतज्ञता और अपने दुख दोनों को याद दिलाते हैं कि वास्तव में क्या मायने रखता है। पिछले साल अमेरिकी न्याय विभाग और एसीसी ने अडानी ग्रीन एनर्जी से संबंधित आरोप हम पर लगाए थे। अडाणी समूह के किसी भी व्यक्ति पर एफसीपीए का उल्लंघन करने या न्याय में बाधा डालने की साजिश रचने का आरोप नहीं लगाया गया है।

### *ऑपरेशन सिंदूर में अडाणी समूह के बनाए ड्रोन्स ने निभाई भूमिका*

*अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने दावा किया कि उनके समूह की ओर से बनाए गए ड्रोन और ड्रोन रोधी प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर में अग्रणी भूमिका निभाई थी। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले जवाब में शुरू किया गया था। यह एक सटीक आतंकवाद रोधी हमला था। ऑपरेशन सिंदूर ने आह्वान किया और हमने उसे पूरा किया। अडाणी डिफेंस की ओर से निर्मित हथियारों ने सटीक हमले किए, जबकि इसकी ड्रोन रोधी इकाइयों ने जवाबी खतरों से भारतीय संपत्तियों की रक्षा की।*

## ईरान-इजराइल युद्धविराम की उम्मीद का असर चांदी में आई गिरावट, सुरक्षित निवेश, मांग बढ़ी

**भोपाल।** युद्ध समझौते के बाद चांदी के भाव में गिरावट आई है। बीते सप्ताह वायदा बाजार में 1 लाख 10 हजार रुपए किलो पहुंची चांदी मंगलवार को एमसीएक्स पर 1.16 फीसदी गिरकर 1,05,523 प्रति किलोग्राम हो गई। यह गिरावट इजरायल-ईरान युद्धविराम के कारण बताई जा रही है, जिसके कारण सोने और चांदी की कीमतों में कमी आई है। सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार स्थानीय सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी के भाव 1 लाख 5500 रुपए किलो ग्राम बोली गई। जबकि सोना 1 लाख 500 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। अग्रवाल ने बताया कि मौलिक रूप से चांदी संरचनात्मक आपूर्ति घाटे से प्रभावित है, जो अब 2025 में अपने लगातार पांचवें वर्ष तक जारी रहने का अनुमान है। वैश्विक कमी 117.6 मिलियन ट्रॉय औंस तक कम होने की उम्मीद है।

## थिंक गैस ने त्वरित कार्रवाई कर गैस आपूर्ति बहाल की

**भोपाल।** कचरा सफाई कार्य के दौरान महिंद्रा ग्रीनवुड सोसायटी में एमडीपीई गैसीफाइड पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसे थिंक गैस की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक किया। कंपनी के अनुसार इस तरह के नुकसान से न केवल ग्राहकों को गैस की आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि जान-माल को भी खतरा होता है। गैसीफाइड पाइपलाइन के पास उत्खनन से सख्ती से बचना चाहिए।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8929595380 (रायपुर /27/जून 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5908



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5907 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5918

★★★☆☆ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5917 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

## लाइफ Style

# सारा



## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

## हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।



# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

## टीवी मसाला



# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।



# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।



### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया। वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार


***नई दिल्ली।*** *'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*



**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*




## हनुमानताल में मकान गिरा, मानस भवन में गिरे पेड़

# आफत बनकर आई बारिश, कई जगह पानी भरा

हरिभूमि जबलपुर।

एक तरफ जहां गर्मी भरे वातावरण को बारिश ने सुकून दिया तो वहीं कहीं जगहों पर पेड़ गिरने, मकान गिरने और जलप्लावन की आफत भरी खबरे भी प्रकाश में आई। वहीं कहीं स्थानों पर पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हुए तो वहीं विद्युत अवरोध हुआ। कही लाईन जल गई तो कही मीटर जल गए।



### मकान का छज्जा गिरा

रातभर बारिश के असर से हनुमानताल क्षेत्र में राजा रसगुल्ले के पीछे गली में स्थित राजकुमार दुबे के दो मंजिला मकान का छज्जा गिर गया। मकान मालिक राजकुमार दुबे ने बताया कि, रात भर पानी गिरने से उनका मकान का हिस्सा ढह गया।

### गढा बाजार में जलप्लावन

गढ़ा बाजार में पानी भरने की खबर है। बताया गया है कि गढ़ा बाजार में अतिक्रमण हटाए जाने के बाद बंद हुई पानी की निकासी के कारण सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। वहीं पुलिस ग्राउंड में आयोजित खेलकूद स्पर्धा बारिश के चलते कैंसल कर दी गई।

### मानस भवन के सामने पेड़ गिरे

राईट टाउन स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस मानस भवन के सामने दो पेड़ बारिश में धराशाई हो गए। पेड़ की डिगाल टूट कर विद्युत लाईन में गिरी, शॉर्टसर्किट होते ही विद्युत सप्लाई अवरुद्ध हो गई। बल्देवबाग में कई जगह लाइन शॉट होने से विद्युत उपकरण और मीटर जल गए।

## अगले 24 घंटों के दौरान तेज हवाओं के बीच वर्षा की संभावना



**जबलपुर।** मानसूनी बारिश ने रात भर जमकर राहत बरसाई। गर्मी से बेजार लोगों को राहत मिली,लेकिन बिजली और जलप्लावन ने रुला दिया। सोमवार की रात 9 बजे से शुरु हुई बारिश देर रात तक जारी रही। कुछ देर थमने के बाद फिर बारिश होने लगी और मंगलवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक हल्की बारिश होती रही। पिछले 24 घंटों के दौरान लगभग डेढ़ इंच बारिश से शहर तरबतर हो गया। जलप्लावन के लिए कुख्यात क्षेत्रों गोलबाजार, कछियाना, अग्रवाल कालोनी, दीक्षितपुरा, चेरीताल, दमोहनाका, नरघैया, मुकादमगंज में कई जगह पानी भर गया। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मप्र के ऊपर मानसूनी बादल छाए हुए हैं रुक-रुककर बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान मानसून सक्रिय रहा। जिले के सभी स्थानों पर अच्छी खासी बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है और हवा में नमी बढ़ गई है। अगले 24 घंटों के दौरान जिले के अधिकांश स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है वहीं तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी दी गई है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में चक्रवात बनने से पूर्वी मध्यप्रदेश की ओर मानसून सक्रिय हो गया है। लगातार गर्मी और उमस से बेचैन जनजीवन परेशान था। इसलिए यह राहत भरी खबर है कि आने वाले दिनों में शहर में जोरदार मानसूनी वर्षा हो सकती है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 33.04 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 7 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 23.00 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 98 प्रतिशत और सायंकाल 83 प्रतिशत दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 92.09 मिली मीटर (लगभग 4 इंच) बारिश दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन 2.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जबकि कुल वर्षा 35.02 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष अधिकतम तापमान 35.08 और न्यूनतम तापमान 25.06 डिग्री दर्ज किया गया था। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान तेज हवाओं के बीच जिले के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ने की संभावना है।

### जजों के रोस्टर मे बदलाव, ई-फाइलिंग अनिवार्य

# मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में 4,82,769 मामले लंबित

हरिभूमि जबलपुर।



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में इस समय 482769 मामले लंबित हैं। जबलपुर खंडपीठ में 283816, ग्वालियर खंडपीठ में 89755 तथा इंदौर खंडपीठ में 19198 प्रकरण सुनवाई के लिए लंबित हैं।

ग्वालियर खंडपीठ में 8 जज मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। वहीं जबलपुर में 17 जज मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। इंदौर बेंच में आठ जज सुनवाई कर रहे हैं। जबलपुर में एक जज के हिस्से में 16695, इंदौर खंडपीठ में एक जज के हिस्से मे 13649 प्रकरण तथा ग्वालियर खंडपीठ में 11219 मामले की सुनवाई एक जज के हिस्से में आती है। सुनवाई जजों की संख्या के आधार पर की जाती है।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यकारी चीफ जस्टिस ने इस मामले में तीनों खंडपीठ के बार अध्यक्षों और सचिवों के साथ चर्चा की है। इस चर्चा में हाईकोर्ट में ई फाइलिंग,जजों के रोस्टर और वर्षों पुराने लंबित मामलों की सुनवाई को लेकर कई बदलाव पर चर्चा की गई हैं।काज लिस्ट में शामिल केशों की प्राथमिकता तय की गई है। महत्वपूर्ण केस की सुनवाई के बाद नए प्रकरणों पर सुनवाई की जाएगी। नए केसों के लिए निर्धारित तिथि पर मामलों की सुनवाई होगी। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में पेंडिंग प्रकरणों की संख्या सबसे ज्यादा है। जल्द से जल्द सुनवाई होकर मामलों मैं फैसला हो सके। इसके लिए कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश ने बार अध्यक्षों से चर्चा कर सुनवाई जल्द हो इसका प्रयास किया है।

## स्टेशन में गंदगी फ़ैलाने वालों से 8 लाख जुर्माना वसूला

**जबलपुर।** मण्डल के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है। स्टेशन पर गंदगी फैलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जाती हैं और रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत आर्थिक दंड की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा गत 05 माह जनवरी 2025 से मई 2025 तक जबलपुर स्टेशन परिसर में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 4 हजार 140 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 8 लाख 31 हजार रूपये का आर्थिक दंड वसूला गया। अकेले मई माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए इस अभियान में कुल 860 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 01 लाख 72 हजार रूपये का आर्थिक दंड लगाया गया।

- हाई कोर्ट ने प्रधान जिला न्यायाधीश को दिए निर्देश
- जिला अदालत के पत्र की याचिका के रूप में सुनवाई

## गर्भावस्था 30 सप्ताह से अधिक की, अशिक्षित माता-पिता की करें पुनः काउंसलिंग

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता की गर्भावस्था 30 सप्ताह से अधिक होने के कारण गर्भपात के लिए अशिक्षित माता-पिता की पुनः काउंसलिंग करवाने के निर्देश प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छिंदवाड़ा को दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने व्यवस्था दी है कि महिला न्यायिक अधिकारी के साथ डाक्टरों की एक टीम और सीडब्ल्यूसी के एक सदस्य आज या कल पीड़ाति के माता-पिता और पीड़ाति की काउंसलिंग करें।

दरअसल, दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात के लिए छिंदवाड़ा जिला न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने हाई कोर्ट को पत्र भेजा था। पत्र में पीड़िता के माता-पिता के सहमति पत्र के साथ गर्भपात की मांग की गई है। पत्र की सुनवाई याचिका के रूप में करते हुए हाईकोर्ट ने पीडिता की मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेष जारी किए थे।



मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया था कि गर्भावस्था 30 सप्ताह की है और भ्रूण के जीवित पैदा होने की अधिकतम संभावना है। गर्भपात के दौरान पीड़िता की जान को खतरा है।

याचिका की सुनवाई के दौरान उप महाधिवक्ता स्वापनिल गांगुली ने बताया कि माता-पिता द्वारा दी गई सहमति से यह स्पस्ट नहीं है कि पीड़ाति के साथ-साथ भ्रूण के जीवन को होने वाले खतरे से अवगत होने के बाद भी गर्भपात कराना चाहते हैं। माता-पिता एक दूर-दराज के गांव से हैं और अशिक्षित होने के कारण सभी पहलुओं से अवगत नहीं हैं। सक्षम अधिकारियों द्वारा माता-पिता और पीड़ति की पुनः काउंसलिंग कराई जाए।

हाई कोर्ट ने सुझाव से सहमत होकर अपने आदेश में कहा कि गर्भावस्था लगभग 30 सप्ताह की हो चुकी है। तथ्य को देखते हुए कि प्रधान जिला न्यायाधीश छिंदवाड़ा को यह निर्देश देना उचित समझते हैं कि एक महिला न्यायिक अधिकारी के साथ-साथ डाक्टरों की एक टीम और सीडब्ल्यूसी के एक सदस्य से आज या कल पीड़ाति के माता-पिता और पीड़ाति की काउंसलिंग करवाएं। उन्हें इस बात से अवगत करवाएं कि बच्चा जीवित पैदा होता है तो इसके क्या फायदे और नुकसान हैं। जन्म देने के बाद वह बच्चे को नहीं रखना चाहते हैं, तो उसकी देखभाल की जिम्मेदारी पूरी तरह से राज्य शासन की होगी। सभी सदस्य काउसिलिंग के लिए माता-पिता के साथ प्रधान न्यायाधीश छिंदवाड़ा के समक्ष उपस्थित रहें। याचिका की अगली सुनवाई 25 जून को होगी।

### हाईकोर्ट का निर्देश

## पुलिस स्थापना बोर्ड की मंजूरी के बिना किया गया एएसआई का तबादला स्थगित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नियमों को दरकिनार कर किए गए पुलिस अधिकारियों के तबादलों पर गम्भीरता दर्शाई। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने सतना में पदस्थ एएसआई अर्जुन प्रसाद पांडे के तबादला आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ट्रांसफर आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के नियमों के विरुद्ध है। ट्रांसफर आदेश एडीजी रेडियो के कार्यालय से जारी हुआ, जबकि नियमानुसार यह कार्य केवल स्थापना बोर्ड ही कर सकता है।

अर्जुन प्रसाद पांडे की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि 11 जून 2025 को एडीजी रेडियो ऑफिस भोपाल द्वारा जारी एक सूची में प्रदेश के याचिकाकर्ता सहित 89 एएसआई और एसआई स्तर के पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर किए गए थे। लेकिन, इन ट्रांसफरों से पहले पुलिस स्थापना बोर्ड की आवश्यक मंजूरी नहीं ली गई थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने 29 अप्रैल 2025 की ट्रांसफर नीति का हवाला दिया। लेकिन कोर्ट ने यह कहते हुए उसे खारिज कर दिया कि यह नीति राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों पर लागू नहीं होती।कोर्ट ने निर्देश दिए कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक अर्जुन प्रसाद पांडे की जगह किसी अन्य अधिकारी को पदस्थ न किया जाए।

### हाईकोर्ट का पुनरीक्षण याचिका पर फैसला

## 25 साल बाद मिला न्याय, 32 साल पहले दी गई सजा निरस्त

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से एक सरकारी कर्मी को 25 वर्ष बाद न्याय मिला। कोर्ट ने 32 साल पहले उसे मिली सजा को निरस्त कर उसे बरी कर दिया। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने कहा कि अधीनस्थ अदालत को सजा देने से पहले यह तय करना जरूरी था कि अपराध जानबूझकर किया है या नहीं।

बैतूल निवासी मानकराम की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर पदस्थ था। वर्ष 1983 में एक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कर्मचारी ने एकाउंट होल्डर से पैसे लेकर रजिस्टर में दर्ज नहीं किया। आरोप लगा कि मानकराम ने 3 हजार 596 रुपए का गबन किया है। ट्रायल कोर्ट ने 1993 में कर्मचारी को भादंवि की धारा 409 के तहत अदालत उठने तक की सजा व 3 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। अपील पर सेशन कोर्ट ने सजा बरकरार रखी। अपील निरस्त होने पर वर्ष 2000 में हाईकोर्ट में रिवीजन पेश की। दलील दी गई कि जो पैसा लिया गया था वह एकाउंट होल्डर की पासबुक में भी दर्ज किया था। याचिकाकर्ता ने जानबूझकर या गबन करने की मंशा से कोर्ट कृत्य नहीं किया था। केवल रजिस्टर में एंट्री नहीं होने पर प्रकरण बनाया गया, जोकि अवैधानिक है।

## प्रदेश की सभी अदालतों में आंबेडकर की फोटो लगे

- ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की मांग
- हाई कोर्ट के एसीजे संजीव सचदेवा को भेजा पत्र

जबलपुर । ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन, जबलपुर ने हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा को एक पत्र भेजा है। इसके जरिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर और खंडपीठद्वय इंदौर-ग्वालियर के अलावा राज्य की सभी अधीनस्थ अदालतों में संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर की फोटो लगाए जाने की मांग की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट और कर्नाटक हाई कोर्ट में आंबेडकर की फोटो लगाई गई हैं। उसी तर्ज पर मप्र की भी अदालतों में फोटो लगाई जानी चाहिए। हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना का भी पथ प्रशस्त होनी चाहिए। आंबेडकर संविधान निर्माता होने के साथ बोधिसत्व की गरिमा से अलंकृत हुए थे। वे भारतरत्न हैं। भारत के प्रथम विधि मंत्री थे, इसलिए उनको यथोचित सम्मान अदालतों में मिलनी चाहिए। इस सिलसिले में लंबे समय से अपेक्षा जताई जा रही है। लेकिन गंभीरता नहीं बरती गई। उम्मीद है कि अब मांग पूरी कर दी जाएगी। अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह व उदय कुमार साहू ने मांग का समर्थन किया है।

### वाहन चोरी के 4 आरोपी व चोरी के वाहन खरीदने वालें 3 गिरफ्तार

# अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी गए वाहन बरामद

**जबलपुर।** पनागर पुलिस व क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने 7 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के 16 दो पहिया वाहन जब्त किए है। पकड़े गए आरोपी में एक नाबालिग भी शामिल है। इनमें तीन लोग चोरी के वाहन खरीदने वालें भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में चार आरोपी इतने शातिर हैं कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से पलक झपकते ही वाहन गायब कर देते थे।




पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी ने बताया कि पनागर पुलिस एवं क्राईम ब्रांच की टीम ने वाहन चोर सहित चोरी के वाहन खरीदने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्राईम ब्रांच एवं थाना पनागर की संयुक्त टीम ने संदेह के आधार पर आदिल निवासी नेता कॉलोनी से बाइक के संबंध तो पता चला कि बाइक क्र मांक एमपी 20 एमव्ही 2768 को पनागर क्षेत्र से चोरी किया था।

आदिल ने सघन पूछताछ में अपने साथी मेहराज के साथ गोरखपुर से स्कूटर एमपी 20 एस जे 8240 और माढोताल से स्कूटर एमपी 20 जेड एस 8793 चोरी कर सद्दाम उस्मानी निवासी कटरा मस्जिद के पास अधारताल को 5-5 हजार रुपए में बेच दिया था। साथी सुदामा बर्मन के साथ मिलकर एक एमपी 22 एमएफ 7403 को भेड़ाघाट से और एक काले रंग के स्कूटर एमपी 20 जेड एच 7964 को गोरा बाजार से चोरी कर ओम बेन निवासी कैलाश धाम को बैच दिये थे।

इसी प्रकार अपने एक नाबालिग के साथ मिलकर माढोताल क्षेत्र से मोपेड एमपी 20 जेडएच 3453 छुड़ा लिये थे और गौरीघाट से स्कूटर क्रमांक एमपी 20 जेडसी 9866 चोरी किये थे दोनों स्कूटर साहिद खान निवासी कटंगी को बैच दिये थे। इसी तरह शहपुरा पुलिस ने मोटर सायिकल कमांक एमपी 20 एनएम 3529 के चालक रवेन्द्र उर्फ सागर गोटिया से बाइक के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि बाइक चोरी की है। पूछताछ में सागर ने बताया कि वह अपने साथी के साथ 2 मोटर सायिकलें एवं 3 एक्टिवा, एक्सिस मेडिकल कॉलेज एवं धनवंतरी नगर चौक के आसपास से चोरी कर चुका है। पुलिस ने चोरी के वाहनों को जप्त कर लिया है। कार्रवाई में क्राइम थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा, थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार, थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे, एएसआई धनंजय सिह, मन्नू सिंह सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही है।

### हाई कोर्ट ने जनहित याचिका पर मांगा जवाब

## एक करोड़ स्वीकृत होने के बावजूद क्यों नहीं हुए विकास कार्य

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक करोड़ रुपये स्वीकृत होने के बावजूद विकास कार्य न किये जाने के आरोप पर जवाब-तलब किया। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कलेक्टर सिवनी, जिला पंचायत सीइओ सिवनी, लखनादौन जनपद पंचायत सीइओ, पंचायत सरपंच व सचिव को नोटिस जारी किए । जनहित याचिकाकर्ता लखनादौन निवासी चेतराम झारिया की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ग्राम पंचायत बावली में करीब आठ से 10 विकास कार्यो के लिए राशि शासन की ओर से स्वीकृत की गई थी। जिसमें सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन और स्कूल की बाउंड्री बाल सहित अन्य कार्य होना था। आरोप है कि उक्त कार्यो में से सिर्फ तीन कार्य किए गए। आलम यह है कि वे भी अनियमिततापूर्ण और आधे-अधूरे हैं। बाकी काम तो प्रारंभ भी नहीं हुए हैं। न तो सड़क बनी और न ही अन्य कार्य हुए। उक्त मामले की शिकायत जब ग्रामीणों ने कलेक्टर और सीएस हेल्प लाइन में की तो जनपद पंचायत सीईओं ने जांच कराते हुए अपनी रिपोर्ट पेश कर अनियमिता और शासकीय राशि गबन किए जाने की रिपोर्ट कलेक्टर को दी, लेकिन उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं हुईं। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है। जनहित याचिकाकर्ता का आरोप है कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से अनियमितता जारी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240